* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 नवंबर, 2023
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 31

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

बांके बिहारी कॉरिडोर को हाइकोर्ट की मंजूरी
यूपी सरकार 5 एकड़ में बनायेगी कॉरिडोर



KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177




## न्यूज रील्स

### कोलकाता हवाई अड्डे पर वरिष्ठ आइपीएस ने मचाया हंगामा

कोलकाता (आजाद सिपाही)। कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय एक वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी ने हंगामा कर दिया, जब हवाई अड्डे के अधिकारियों ने उन्हें अतिरिक्त सामान ले जाने पर भुगतान करने के लिए कहा। हवाई अड्डे पर हंगामा करने के आरोप में उक्त अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी की पहचान 1998 बैच के आइपीएस अधिकारी अनिर्बान रे के रूप में हुई है। वह वर्तमान में पश्चिम बंगाल पुलिस में अतिरिक्त महानिदेशक (प्रावधान) के रूप में तैनात हैं। बिधाननगर सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक आइपीएस अधिकारी के खिलाफ आइपीसी की धारा 323, 341, 505 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मणिपुर : गोलीबारी में दो लोगों की मौत

इंफाल (आजाद सिपाही)। मणिपुर से हिंसा की एक ताजा घटना सामने आयी है। कांगपोकपी जिले में सोमवार को दो प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी। गोलीबारी की घटना हारोथेल और कोब्शा गांवों के बीच एक स्थान पर हुई। मामला हिंसक कैसे हुआ, पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस बीच आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया। इसके खिलाफ हम जिले में बंद घोषित कर रहे हैं। दरअसल मई की शुरुआत में पूर्वोत्तर राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद से इस इलाके में ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़पें हो रही थीं। ग्रामीणों के पास हथियार भी हैं। इस वजह से आये दिन गोलीबारी की कई घटनाएं देखी जा रही हैं।

### अयोध्या : ज्योतिषियों ने तय किया शुभ मुहूर्त

# 22 जनवरी को दिन के 12.20 बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

- 48 मिनट का है अभिजीत मुहूर्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा के पुनर्जागरण के केंद्र अयोध्या से बड़ी खुशखबरी सामने आयी है। पंडितों और ज्योतिषियों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त तय कर दिया है। 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त मृगशिरा नक्षत्र में दोपहर 12:20 बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 48 मिनट का यह मुहूर्त दोपहर 11.36 बजे से 12.24 बजे तक है, जबकि मृगशिरा नक्षत्र पूरे दिन बना रहेगा।

मंदिर ट्रस्ट से जुड़ी बैठक में यह तय किया गया। अयोध्या की हनुमत ज्योतिष संस्थान के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृगशिरा नक्षत्र 22 जनवरी को सुबह 5.15 बजे से 23 जनवरी की सुबह 5.36 बजे तक रहेगा। 22 जनवरी को पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी है और दिन सोमवार। प्राण प्रतिष्ठा का यह योग सनातन धर्म, अयोध्या और पीएम मोदी, तीनों के लिए बेहद शुभ है।

### आयोजन में पीएम मोदी मौजूद रहेंगे

कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए इस अभियान को चार चरणों में बांट कर तैयारियां की जा रही हैं। पीएम मोदी आयोजन में मौजूद रहेंगे। मुख्य ट्रस्टी चंपत राय ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

### 16 से 24 जनवरी तक चलेंगे कार्यक्रम

प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर 24 जनवरी तक चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा से पहले सरयू पूजन करके उसके जल से रामलला का अभिषेक होगा। फिर उन्हें रथ से नगर भ्रमण कराया जायेगा। इससे पहले रामलला की मूर्ति को जल, फल और अन्न के बीच में एक-एक दिन रखा जायेगा। नौ दिवसीय समारोह के लिए श्रीराम यंत्र की स्थापना की जायेगी। कार्यक्रम के समापन के बाद इसे सरयू नदी में विसर्जित कर दिया जायेगा। समारोह में हवन के लिए नौ कुंड बनाये जायेंगे। पूरा कार्यक्रम काशी के विद्वानों की देखरेख में होगा।

### 100 विशेष और 7000 रामभक्तों को आमंत्रण

राम मंदिर के ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने बताया कि समारोह में विश्व के अनेक देशों के करीब एक सौ विशेष राम भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा संतों और देशभर के राम भक्तों सहित सात हजार लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य पर्व 22 जनवरी को पीएम मोदी को शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है।

### चार लाख मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

प्राण प्रतिष्ठा समारोह देश भर के चार लाख गांवों के मंदिरों में भी मनाया जायेगा। इन मंदिरों में रामनाम संकीर्तन और किसी एक मंत्र का जाप के साथ मुख्य पर्व पर आरती और प्रसाद वितरण होगा। इसके साथ ही समारोह का लाइव टेलीकास्ट होगा। इससे करोड़ों भक्त इस ऐतिहासिक पल को सीधे देख सकेंगे।

### पुजारी को ट्रेनिंग

रामलला के पुजारी वही होंगे, जिनका जन्म अयोध्या में हुआ है। पुजारी को जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अभी तक पहले से चली आ रही परंपरा के अनुसार रामलला की पूजा होती थी। अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और राम मंदिर ट्रस्ट के गठन के बाद यह सब नये सिरे से तय किया जा रहा है। अभी तक रामलला के पूजन के लिए एक मुख्य पुजारी और चार सहायक पुजारी होते हैं। अब इनकी संख्या में भी बदलाव किया जा सकता है। इसके साथ ही रामजन्मभूमि परिसर में बनने वाले अन्य मंदिरों के लिए भी पुजारियों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए एक सौ से ज्यादा वैदिक छात्रों का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है।



### 14 कोसी और पांच कोसी परिक्रमा शुरू

अयोध्या की विख्यात 14 कोसी परिक्रमा 20 नवंबर की रात्रि 2:09 बजे से शुरू होकर 21 नवंबर की रात 11:38 बजे तक चलेगी। वहीं पांच कोसी परिक्रमा 22 नवंबर की रात 9:25 बजे से 23 नवंबर की शाम 7:21 बजे तक चलेगी। प्रशासन का अनुमान है कि 14 कोसी और पांच कोसी परिक्रमा में करीब 15 से 20 लाख श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। डीएम नितीश कुमार ने गुरुवार को परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जायें। परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। 14 कोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेला को लेकर अयोध्या में भारी भीड़ होने की संभावना है।

# उत्तरकाशी टनल के धंसने की आशंका, ड्रिलिंग रुकी

- बचाव अभियान में आयी बड़ी बाधा
- विदेशों से बुलाये गये कई विशेषज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में नौ दिन से 41 मजदूर फंसे हैं। टनल में ऑगर मशीन से ड्रिलिंग रोक दी गयी है। मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों में 16 नवंबर के भूकंप के बाद से दहशत है। वे टनल के अंदर काम करने से घबरा रहे हैं। एनएचआइडीसीएल डायरेक्टर अंशु मनीष ने बताया कि टनल के अंदर कभी भी कुछ भी हो सकता है। इसलिए किसी अनहोनी के मद्देनजर ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों के लिए अलग से टनल बनायी जा रही है। फिलहाल मशीन से ड्रिलिंग रोकने के बाद सिलक्यारा की तरफ से एक छह इंच की पाइप डाली गयी है। इससे अंदर फंसे मजदूरों के लिए डाइट चार्ट बनाकर सेब, दलिया, खिचड़ी जैसे हल्के खाद्य पदार्थ भेजे जा रहे हैं। मजदूरों को देखने के लिए एक कैमरा भी डाला जायेगा। दूसरी तरफ डंडालगांव की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए काम जारी है। टनल के अंदर भेजने के लिए रोबोट भी मंगवाये गये हैं, लेकिन अभी उन्हें अंदर भेजने में कामयाबी नहीं मिली है। बचाव अभियान में मदद के लिए कई विदेशी विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। सिलक्यारा टनल में हादसा 12 नवंबर की सुबह चार बजे हुआ था। टनल के एंट्री प्वाइंट से दो सौ मीटर अंदर 60 मीटर तक मिट्टी धंस गयी। इसमें 41 मजदूर अंदर फंस गये। बचाव के दौरान 16 नवंबर को टनल से और पत्थर गिरे, जिसकी वजह से मलबा कुल 70 मीटर तक फैल गया। टनल के अंदर फंसे मजदूर बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के हैं।

# पांच चुनावी राज्यों में अब तक 1760 करोड़ की जब्ती

- नगदी के साथ शराब और नशीली दवाएं भी हुईं बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (इसीआइ) ने सोमवार को बताया कि चुनाव अधिकारियों ने चुनाव की घोषणा के बाद से पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की सूचना दी है। आयोग के अनुसार यह राशि इन पांच राज्यों में पिछले चुनावों के दौरान जब्ती के आंकड़ों की तुलना में 636 प्रतिशत अधिक है। पांच मतदान वाले राज्य मिजोरम, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को एक बयान में कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद से पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की सूचना मिली है, जो 2018 में इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों में की गयी जब्ती से सात गुना (239.15 करोड़ रुपये) अधिक है। चुनाव आयोग की ओर से साझा किये गये आंकड़ों के अनुसार तेलंगाना, जहां 30 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं, से सबसे अधिक 659.2 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गयी। इसके बाद राजस्थान में 650.7 करोड़ रुपये और मध्य प्रदेश में 323.7 करोड़ रुपये जब्त किये गये। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में 76.7 करोड़ रुपये और मिजोरम में 49.6 करोड़ रुपये जब्त किये गये। बता दें कि इससे पहले छह राज्यों गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के दौरान 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गयी थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों से 11 गुना अधिक थे। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में पिछले छह राज्य विधानसभा चुनावों में छह करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों से 14 सौ गुना अधिक है।

इसीआइ ने आगे बताया कि जब्त की गयी वस्तुओं में नकदी, शराब, नशीली दवाएं, कीमती धातुएं, जिनकी कीमत करोड़ों में है, मुफ्त उपहार और अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इस बार आयोग ने चुनाव व्यय निगरानी प्रणाली (इएसएमएस) के माध्यम से निगरानी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को भी शामिल किया है, जो काफी अहम साबित हो रहा है।

# 2026 से शुरू होगा परिसीमन लोकसभा की 78 सीटें बढ़ेंगी

- दक्षिणी राज्यों को नहीं होगा कोई नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा सीटों को लेकर परिसीमन प्रक्रिया की शुरुआत 2026 से होगी। ऐसे में 2029 के लोकसभा चुनाव में लगभग 78 सीटों के इजाफे की संभावना है। दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या आधारित परिसीमन का विरोध किया है। इसलिए सरकार समानुपातिक आधार पर परिसीमन की तरफ बढ़ेगी। जनसांख्यिकी संतुलन बनाये रखने का फ्रेमवर्क तैयार हो रहा है। जानकारों का कहना है कि 2025 तक जनसंख्या प्रोजेक्शन के डेटा के हिसाब से उत्तर प्रदेश में 14, बिहार में 11, छत्तीसगढ़ में एक, मध्य प्रदेश में पांच, झारखंड में एक, राजस्थान में सात और हरियाणा और महाराष्ट्र में दो-दो सीटों का इजाफा होने की संभावना है। वहीं तमिलनाडु को नौ, केरल को छह, कर्नाटक को दो, आंध्र प्रदेश को पांच, तेलंगाना को दो, ओडिशा को तीन और गुजरात को छह सीटों का नुकसान होने की आशंका है। बता दें कि पहले भी 1952, 1963, 1973 और 2002 में परिसीमन आयोग गठित हो चुके हैं।

### यूएफओ को देखते ही वायुसेना ने दो युद्धक विमान राफेल भेजे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** इंफाल हवाई अड्डे पर सोमवार को उड़न तश्तरी (यूएफओ) दिखने के बाद हड़कंप मच गया। भारतीय वायुसेना ने इसका पता लगाने के लिए दो राफेल युद्धक विमान भेजे। इसके अलावा उसने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को भी फौरन सक्रिय कर दिया था। हालांकि अब तक की जांच में वायुसेना को कुछ हाथ नहीं लगा है। राफेल की पश्चिम बंगाल के हाशीमारा एयरबेस पर तैनाती की गयी है।

### विश्वकप फाइनल में हार के बाद टूट से गये थे भारतीय क्रिकेटर

# पीएम मोदी ने ड्रेसिंग रूम में जाकर बढ़ाया हौसला, शमी को गले लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** आइसीसी विश्वकप क्रिकेट 2023 का फाइनल मुकाबला रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया और छठी बार विश्व चैंपियन बनी। फाइनल में हार के बाद भारतीय क्रिकेटर टूट से गये थे। ड्रेसिंग रूम में सभी रो रहे थे। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। वहां उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने मोहम्मद शमी को गले भी लगाया।

टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया शेयर की हैं। फाइनल मैच को देखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद पहुंचे थे। वह मैच के दूसरी पारी में स्टेडियम पहुंचे। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ पैट कमिंस को वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी सौंपी।



### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया

भारत को विश्वकप 2023 के फाइनल में छह विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार एकदिवसीय विश्वकप का खिताब जीता। इस हार ने भारतीय प्रशंसकों को 2003 विश्वकप फाइनल की याद दिला दी। 20 साल पहले कंगारुओं ने भारतीय टीम को जोहांसबर्ग में 125 रन से हराया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गयी। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,600 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# राजस्थान में हर दल को जातीय आधार का आसरा

## ■ रजवाड़ों के राज्य में हमेशा से हावी रही है जातीय सियासत

## ■ कहावत है जिसने साधी जात, उसके हिस्से रही भात

## ■ अगले एक सप्ताह में पूरा जोर लगायेंगी कांग्रेस और भाजपा

**आजाद सिपाही विशेष**

**कहा जाता है कि उत्तरप्रदेश और बिहार में ही जाति की सियासत का दबदबा है, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है, बल्कि रजवाड़ों का प्रदेश राजस्थान भी जातीय राजनीति के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ है। 27 नवंबर को होनेवाले विधानसभा चुनाव में भी जाति ऐसा फैक्टर है, जो विकास पर भी हावी नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव के एलान से पहले ही अलग-अलग जातीय और सामाजिक संगठनों ने जयपुर में अपनी ताकत दिखा कर ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व की मांग उठायी थी, जिससे राजस्थान की जातीय राजनीति को समझा जा सकता है। यही वजह है कि कांग्रेस और भाजपा ने प्रत्याशियों के जरिये सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला है, लेकिन इस बार दोनों ही दलों ने 2018 से अलग जातीय गणित बैठाने की कोशिश की है। राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, सैनी, वैश्य, विश्वकर्मा और कुमावत जैसे जातीय संगठनों ने महापंचायत आयोजित की थी। इन सभी संगठनों के इन आयोजनों का एक ही उद्देश्य था और वह था ज्यादा से ज्यादा टिकट पाने का दबाव। अब जबकि चुनावी मुकाबला तय हो गया है और कांग्रेस और भाजपा, दोनों दलों ने अपने-अपने लड़ाके तैनात कर दिये हैं, यह देखना दिलचस्प है कि उन्होंने जातीय राजनीति के आधार पर कैसा कार्ड खेला है। हालांकि सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि सामाजिक और जातीय संगठनों के प्रेशर पॉलिटिक्स और उनकी वोटों की सियासी ताकत को देखते हुए कांग्रेस और भाजपा ने अपना-अपना दांव खेला है, लेकिन अब, जबकि चुनाव महज एक सप्ताह दूर है, यह देखना दिलचस्प है कि किस दल ने जातियों को साधने के लिए कितनी ताकत लगायी है। राजस्थान के इस चुनावी परिदृश्य का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

रजवाड़ों के प्रदेश राजस्थान में विधानसभा चुनाव में अब एक सप्ताह का समय रह गया है। 27 नवंबर को राज्य की सभी दो सौ विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके कारण प्रदेश में राजनीतिक जोड़-तोड़ और वोटों को अपने पक्ष में करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान का अतीत षडयंत्रों, लड़ाइयों और दिलचस्प प्रेम कथाओं से भरा हुआ है। पुराने समय में जहां लड़ाइयां शौर्य के दम पर लड़ी जाती थीं, आज वहां जाति सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। हालांकि, दरबारी गप्पबाजी का चरित्र पहले जैसा ही है। अशोक गहलोत सरकार की उपलब्धियों से कहीं अधिक चर्चा बंद कमरों में बातचीत और चौराहों पर लगने वाली अटकलों की हो रही है। लेकिन सबसे अधिक चर्चा यही है कि दोनों ही खेमों में योग्यता पर जाति भारी पड़ती है। कांग्रेस फिर सुर्खियों में है।

आजादी के बाद से प्रदेश में बने 28 अंतरिम या औपचारिक मुख्यमंत्रियों में से 24 कांग्रेस से थे। भारतीय जनता पार्टी से केवल दो बने। यह दिलचस्प है कि पहला अंतरिम मुख्यमंत्री एक ब्राह्मण था। उसके बाद कांग्रेस ने तीन ब्राह्मणों को मुख्यमंत्री बनाया- जय नारायण व्यास, टीका राम पालीवाल और हरि देव जोशी- जिनका राज, कुल मिला कर एक दशक से कम समय तक रहा। यह महत्वपूर्ण है कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने आपस में लड़ती उच्च जातियों के झगड़े को शांत करने के लिए कम महत्वपूर्ण बनिया समुदाय के नेताओं को प्रदेश चलाने दिया। जैन समुदाय के मोहन लाल सुखाड़िया चार कार्यकालों में 17 वर्षों से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2018 में, पिछड़े समुदाय से आने की वजह से गहलोत को गद्दी मिली। वहीं भारतीय जनता पार्टी ठाकुरों या राजघरानों पर निर्भर रही। केवल वसुंधरा राजे, जो कि अपने पैतृक राज्य मध्यप्रदेश से राजस्थान आयीं, वह सर्व समाज की नेता की छवि गढ़ सकीं, क्योंकि उनके पारिवारिक संबंध गुजरों और जाटों, दोनों से रहे हैं।

कांग्रेस ने जाति संतुलन रख सुरक्षित रणनीति अपनायी, और किसी एक प्रभावशाली जाति को हावी नहीं होने दिया। सचिन को मुख्यमंत्री बनाने में दिखती हिचकिचाहट इस वास्तविकता से उपजी है कि अन्य समुदायों के भीतर गुजरों के बहुत सारे दुश्मन हैं। पार्टी गहलोत को एक स्थिरता और शांति बनाये रखनेवाला नेता मानती है, जो फिर से चुनाव जिता सकते हैं। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि उनकी जगह सचिन जैसे युवा नेता को लाया जा सकता है, मगर चुनाव जीत लेने के बाद। उधर भारतीय जनता पार्टी में उपेक्षा से रूठीं वसुंधरा राजे के बाद, मुख्यमंत्री पद के अन्य दावेदारों- भूपेंद्र यादव (अहीर), अश्विन वैष्णव (ब्राह्मण और मारवाड़ी), गजेंद्र सिंह शेखावत (ठाकुर) और ओम बिरला (बनिया)- की छवि अपनी जातियों के नेताओं की अधिक है। ये सभी अपने-अपने समुदायों के सम्मेलनों में शामिल होते रहे हैं। राजस्थान एक सामाजिक बदलाव से गुजर रहा है, जिसमें ऊंची जाति और अभिजात्य गुट सत्ता की लड़ाई से बाहर हो चुका है। वहां बस पिछड़ा बनाम पिछड़ा की लड़ाई है। गहलोत और सचिन दोनों ही भारतीय समाज के शतरंज के नये खेल का हिस्सा बन चुके हैं। प्यादा कौन है और बादशाह कौन, इसका फैसला प्रदेश की जातियों के क्षत्रप करेंगे।




राजस्थान के बारे में कहा जाता है कि यहां के जातीय समीकरण को जो भी दल साधने में सफल रहता है, उसी के हाथों में सत्ता होती है। राजस्थान में 89 फीसदी आबादी हिंदू, नौ फीसदी मुस्लिम और दो फीसदी अन्य धर्म के लोग हैं। अनुसूचित जाति की आबादी 18 फीसदी, अनुसूचित जनजाति की आबादी 13 फीसदी, जाटों की आबादी 12 फीसदी, गुर्जर और राजपूतों की आबादी नौ-नौ फीसदी और ब्राह्मण और मीणा की आबादी सात-सात फीसदी है। इस लिहाज से किसी भी दल को सत्ता में आने के लिए ओबीसी वोट को साधना बेहद जरूरी हो जाता है। यही वजह है कि भले ही कांग्रेस और भाजपा विकास, लोक कल्याण के नाम पर प्रचार करती हों, लेकिन टिकट का वितरण जाति के आधार पर ही होता है।

### जातीय राजनीति में कहां खड़ी है कांग्रेस और भाजपा

राजस्थान में चुनाव के नजदीक आते ही बड़ी तेजी से जातीय समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। कांग्रेस ने सचिन पायलट को भले ही शांत करके बिठा दिया है, लेकिन अशोक गहलोत के लिए नयी मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। उनके लिए नयी मुसीबत हैं, उनके ही मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा, जिन्होंने विधायकों की खरीद-फरोख्त की राजनीति की पोल खोल कर रख दी है। अशोक गहलोत भले ही मुख्यमंत्री हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट कर-के चुनाव नहीं लड़ रही है। वैसे कांग्रेस में यह हमेशा ही होता है, लेकिन सचिन पायलट इसी बात से संतुष्ट हो गये हैं।

राजस्थान में चुनाव हमेशा जातीय समीकरणों के आधार पर ही जीता जाता है। अगर ऐसा नहीं होता तो भाजपा आलाकमान 2019 में जाट बहुल नागौर लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल से गठबंधन न करती। हनुमान बेनीवाल पहले भाजपा में ही थे, लेकिन पार्टी में अपनी ऊंची महत्त्वाकांक्षा की पूर्ति नहीं होते देख कर अपनी अलग पार्टी बना ली थी। किसान आंदोलन के समय बेनीवाल ने एनडीए छोड़ दिया था। तब से वह राजस्थान के जाट नेता के तौर पर उभरने की कोशिश कर रहे हैं। इस समय राज्य के युवा जाटों में वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। वह कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन चुके हैं। दोनों पार्टियों के जाट नेता हनुमान बेनीवाल के मुकाबले बहुत बौने लगने लगे हैं। वह पूरे प्रदेश में उम्मीदवार खड़े करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसी तरह भाजपा के कद्दावर राजपूत नेता रहे देवी सिंह भाटी इस समय पार्टी से बाहर हैं। पार्टी के मौजूदा राजपूत नेता उनके सामने बौने हैं। वसुंधरा राजे ने उन्हें पिछले साल ही पार्टी में वापस लाने की रणनीति बना ली थी। देवी सिंह भाटी ने अक्टूबर में बीकानेर में एक रैली का आयोजन भी किया था, जिसमें वसुंधरा राजे को मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। वसुंधरा राजे उसी मंच से देवी सिंह भाटी को भाजपा में शामिल करने की घोषणा करनेवाली थी। लेकिन बीकानेर से सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने दिल्ली को समझा बुझा कर उनकी भाजपा में एंट्री रुकवा दी। वास्तविकता यह है कि भाजपा के पास न तो कोई दलित क्षत्रप है, जिसका पूरे प्रदेश में प्रभाव हो, न ऐसा जाट नेता है, जिसका हनुमान बेनीवाल की तरह जाट बहुल सीटों पर प्रभाव हो, और न ही ऐसा राजपूत नेता है, जिसका देवी सिंह भाटी जैसा राजपूत समाज पर प्रभाव हो। ये तीनों ही राज्य की अत्यधिक प्रभाव वाली जातियां हैं।

इस पूरे परिदृश्य में यह देखना दिलचस्प है कि कौन सा दल जातीय राजनीति की इस रस्साकशी में कितना दम लगा रहा है और उसका परिणाम क्या निकलता है। यह सब 3 दिसंबर को ही पता चल सकेगा। अभी तक के जो राजनीतिक हालात हैं, उसमें अशोक गहलोत भी अपने को घिरा हुआ महसूस कर रहे हैं। कुल मिला कर राजस्थान का चुनाव दिलचस्प होनेवाला है।

## राजनीतिक हलचल

# नरेंद्र मोदी की बातों में कोई वजन नहीं : प्रियंका गांधी

**भाजपा अपने वरिष्ठ नेताओं को साइड लाइन कर रही है, पीएम कहते हैं कांग्रेस को ऑल आउट कर दो, लेकिन भाजपा तो खुद हिट विकेट हो रही है**



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान में भाजपा के सीएम फेस को लेकर लगातार हमलावर हैं। प्रियंका गांधी ने सोमवार को वसुंधरा राजे सिंधिया का नाम लिये बगैर उनके प्रति अपनी हमदर्दी जतायी। प्रियंका गांधी ने राजस्थान की केकड़ी विधानसभा में प्रत्याशी रघु शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका ने कहा कि जनता सोच समझ कर आकलन करे कि किस सरकार ने उन्हें राहत दी है और किस सरकार ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। आपकी एक बड़ी गलती आनेवाले पांच सालों में बड़ा नुकसान कर सकती है। प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी राजस्थान में जो भाषण दे रहे हैं, उनमें जो आरोप और बातें कर रहे हैं, उनका मैंने आकलन किया। मुझे महसूस हुआ कि पीएम मोदी के आरोपों और उनकी बातों में कोई वजन नहीं है। वह केवल इधर-उधर की बातें करते हुए लोगों को भटकाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई विजन नहीं है। उनके पास वोट मांगने के लिए भी कोई मुद्दा नहीं है। वह केवल धर्म के नाम पर वोट मांग रहे हैं। प्रियंका गांधी ने अपने भाषण में वसुंधरा राजे का नाम लिये बगैर उनके लिए अपनी हमदर्दी जतायी। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपने वरिष्ठ नेताओं को साइड लाइन कर रही है। पीएम मोदी कहते हैं कांग्रेस को ऑल आउट कर दो। लेकिन मैं कहती हूं कि बीजेपी तो खुद हिट विकेट हो रही है। उनकी पार्टी में तो हर तरफ बिखराव है और वे तो खुद आउट हो रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने दो लाख लोगों को रोजगार दिये हैं, जबकि 18 सालों से मध्यप्रदेश में इनकी सरकार है। लेकिन अब तक इन्होंने केवल 21 रोजगार ही दिये हैं। यही नहीं उनकी सरकार ने 7000 स्कूलों को बंद किया है। यह सरकार आमजन और गरीबों की विरोधी है। प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकारी कर्मचारी बीजेपी की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि 20 साल तक कर्मचारी काम करता है। उसकी तनख्वाह से पैसा काट कर सरकार जमा करती है और उन्हें अलग जगह निवेश करती है। लेकिन कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें पेंशन मिले, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रहे। लेकिन बीजेपी की नीति के कारण कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए तरस रहे हैं।

# गारंटी देता हूं, गरीबों को लूटनेवालों को नहीं छोडूंगा : पीएम नरेंद्र मोदी

**■ राजस्थान में बीते पांच सालों में क्या हुआ सब लाल डायरी में लिखा है, डायरी लाल है, कारनामे काले हैं**

● महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण नहीं कर सकती



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान में चुनावी दौरा जारी है। पाली के जाडन और पीलीबंगा में पीएम मोदी ने सभा को संबोधित किया। वह कांग्रेस पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है। यहां के सीएम सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाते हैं। पीएम ने कहा कि नशे की तस्करी को भी कांग्रेस बढ़ावा दे रही है। ड्रोन से नशा आये और राजस्थान सरकार सोती रहे। पुलिस की भी पांचों उंगली घी में हैं। नशा एक-एक परिवार को बर्बाद कर देगा, हमारे बच्चों को ही नहीं, हमारे भविष्य को भी तबाह कर देगा। मैं भरोसा देता हूं, यहां भाजपा सरकार बनते ही हम नशे के तस्करों पर ऐसी कार्रवाई करेंगे कि लोग देख कर कांप जायेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस शासन में दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गये। ऐसी विकृत मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या नहीं कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का एलान कर रहे हैं। सनातन को खत्म करने का मतलब है, राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना। महिलाओं और दलितों को लेकर कांग्रेस और इनके गठबंधन के नेता कैसी-कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैसे पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी का मखौल उड़ाते हैं, यह भी देखा गया। चूंकि जीतनराम मांझी अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं, इसलिए उनकी बेज्जती करने में उन्हें आनंद आता है। नीतीश ने पाप किया, लेकिन कांग्रेस ने इसे गलत बताने का विवेक नहीं दिखाया। राजस्थान में दलित परिवारों पर अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया है। पीएम मोदी ने महिला आरक्षण का भी जिक्र करते हुए कहा कि जब से महिला आरक्षण विधेयक पास हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के प्रति विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठायी हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है। महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण नहीं कर सकती।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर वन बना दिया है। महिलाओं का अपमान करनेवाले मंत्री को कांग्रेस ने टिकट दिया। पीएम ने कहा कि मैं एक गारंटी देता हूं कि जिसने गरीबों को लूटा है, उसे छोड़ा नहीं जायेगा। राजस्थान में भी गरीब को लूटनेवाले लोग जेल में दिन गिनेंगे। राजस्थान में बीते पांच सालों में क्या हुआ, इसकी पूरी कहानी लाल डायरी में लिखी है। डायरी लाल है, कारनामे काले हैं। इन दिनों लूट के जो लॉकर खुल रहे हैं, उसमें नोटों के ढेर निकल रहे हैं। यह कांग्रेस का पाप सामने ला रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 15.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.06 बजे |



### भारत माता का विरोध कांग्रेस और राहुल गांधी के डीएनए में

# भ्रष्टाचार, धर्मांतरण, पलायन, महिला उत्पीड़न पर जमकर बरसे बाबूलाल

**राहुल गांधी और कांग्रेस पर भी साधा निशाना, इडी मुख्यमंत्री पर विधिसम्मत करे कार्रवाई, नहीं तो जनता का विश्वास उठेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी और हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने एक राष्ट्रीय मीडिया चैनल पर बोलते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा।

श्री मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का भारत विरोधी बयान कोई नया या पहली बार नहीं है, बल्कि भारत माता का विरोध कांग्रेस और राहुल गांधी के डीएनए में शामिल है।

उन्होंने कहा कि अनेक अवसर पर कांग्रेस का चरित्र उजागर हुआ है। चाहे टुकड़े टुकड़े गैंग के समर्थन में कांग्रेस का खड़ा होना हो या फिर चीन और ब्रिटेन में भारत विरोध की बात हो। उन्होंने कहा कांग्रेस को तो भारत शब्द से ही चिढ़ है, जिसके कारण जी 20 के निमंत्रण पत्र में भारत शब्द से कांग्रेस सवाल उठाने लगी थी। कहा कि कांग्रेस पार्टी तो भारत विरोधी जॉन सोरोस के साथ खड़ी है।

उन्होंने राज्य में बढ़ते धर्मांतरण पर भी सवाल खड़ा किया। कहा कि यह अपराधियों और दंगाइयों को संरक्षण देती है। सांप्रदायिक मानसिकता वाले पदाधिकारियों को पदस्थापित कर दंगाइयों को बचाती है। कहा कि राज्य की पिछली सभी भाजपा सरकारों ने जनजाति समाज के श्रद्धा केंद्रों के विकास के लिए कार्य किये। धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाये, लेकिन हेमंत सरकार धर्मांतरण रोकने की कोई पहल नहीं कर रही, बल्कि धर्मांतरण कराने वाली ताकतों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहन बेटियों के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हो रहीं। बेटियां पेट्रोल से जलायी गयीं, टुकड़ों में काट दी गयीं, हत्या कर पेड़ से लटका दी गयीं, लेकिन आज तक अपराधियों पर समुचित कार्रवाई नहीं हुई।

### मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा



उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता की सेवा के लिए नहीं, बल्कि परिवार के लिए और कमाने के लिए बनी है। कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है, झारखंड में चारों तरफ लूट और भ्रष्टाचार है। मुख्यमंत्री दलाल बिचौलिए को अच्छे पदों पर बैठ कर जनता की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। इडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये आइएएस पदाधिकारियों, दलालों, बिचौलियों के ठिकानों से बरामद हुए, जिनमें कई आज जेल में हैं। उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री खुद इडी जांच के घेरे में हैं, लेकिन पांच समन के बाद भी वे हाजिर नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि इडी मुख्यमंत्री पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करे अन्यथा कानून और इडी से जनता का भरोसा उठ जायेगा। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में विकास कार्य ठप हैं। उद्योग धंधे नहीं लग रहे, इसलिए पलायन बढ़ रहा, जिसके कारण उस वर्ग की आबादी भी घटती है। कहा कि पिछली रघुवर सरकार ने बुनियादी सुविधाओं के विकास और नये उद्योग विशेषकर वस्त्र उद्योग लगाने का कार्य किया था जिसमे बड़े पैमाने पर रोजगार मिला था।

### साधा निशाना : बाबूलाल मरांडी के बयान पर सुप्रियो का पलटवार, कहा

# बाबूलाल मरांडी को काम-धाम नहीं, उन्हें एकांतवास पर जाने की जरूरत

**बाबूलाल इतने ही संवेदनशील हैं, तो केंद्र और उत्तराखंड से सरकार से बात करते, खुद घटनास्थल पर जाते**

**उत्तरकाशी निर्माणाधीन सुरंग हादसा पर पूरी जानकारी लेकर ही बयानबाजी करें तो बेहतर**

**12 की घटना के दूसरे दिन ही आइएएस के नेतृत्व में टीम गयी, पल-पल की जानकारी ले रहे हैं सीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्तरकाशी निर्माणाधीन सुरंग हादसे में बाबूलाल मरांडी के बयान पर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कहा कि बाबूलाल मरांडी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। लगता है कि उन्हें कोई काम-धाम नहीं बचा है, इसलिए उन्हें अब एकांतवास पर जाने की जरूरत है। वे कहें तो सरकार इसकी व्यवस्था करा देगी। यह बात झामुमो केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में चाल धंसने के बाद 41 मजूदरों में झारखंड के सबसे अधिक 15 मजदूर दबे हैं। जैसे ही इसकी जानकारी सरकार को मिली, दूसरे ही दिन वहां एक वरिष्ठ आइएएस भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम रवाना हो गयी, जो वहां पर दिन-रात डट कर मुकाबला कर रही है। पल-पल की जानकारी राज्य सरकार और सीएम ले रहे हैं। इसके बाद भी बाबूलाल हेमंत सरकार पर संवेशनहीन होने का आरोप लगा रहे हैं। अजीब बात है, उन्हें हर चीज में राजनीति नजर आती है। अगर उन्हें और उनकी पार्टी की केंद्र सरकार को जरा सी भी मजदूरों और गरीबों की चिंता होती तो यह सवाल केंद्र सरकार से करना चाहिए, जहां पर केंद्र सरकार अपने उद्यमी मित्रों के लिए कई प्रोजेक्ट पर बिना कोई सुरक्षा उपाय के काम शुरू करवा दे रही है। हाल के वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुईं हैं। सेना के जवान तक लापता हो गये। सिक्किम में तो डैम ही बह गया। यह सीधे तौर पर केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट था। केंद्र में किसकी सरकार है, उत्तराखंड में किसकी सरकार है। अगर बाबूलाल मरांडी संवदेशनील होते तो वे केंद्र और वहां की सरकार से बात करते, खुद घटना स्थल पर जाते।

### पीएम क्यों नहीं गये घटनास्थल पर

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हाल के दिनों में केंद्र सरकार के कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जो केवल मोदी सरकार के परम उद्यमी मित्रों के लिए शुरू किया गया, जिसमें बड़े-बड़े हादसे हुए। अगर उत्तरकाशी प्रोजेक्ट की बात करें तो इतने बड़े प्रोजेक्ट में किसी घटना के बाद मजदूर कैसे निकलेंगे, इसके लिए एक एक्जिट प्वाइंट तक नहीं बनाया गया। मोदी जी को वर्ल्ड कप मैच देखने की फुर्सत है, मगर घटनास्थल पर जाने की नहीं। बाबूलाल जी को तेलगांना जाने का समय है, पर उत्तराकाशी नहीं और यहां बैठ कर मामले को पैनिक कर रहे हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन का निर्देश, बेहतर अस्पताल में इलाज कराया जाये



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का सख्त निर्देश है कि जैसे ही हमारे झारखंड के फंसे मजदूर रेस्क्यू के बाद बाहर आते हैं, उन्हें फौरन वहां के बेहतर अस्पताल में इलाज कराया जाये। इसके लिए पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार इस मामले को लेकर काफी संवेदनशील है। बाबूलाल मरांडी को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ करना है तो केंद्र सरकार और वहां के राज्य सरकार से बात करें। खुद वहां जायें।

### भाजपा में सबसे अधिक घुसपैठिए

झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार बनी तो पाकुड़ में एनआरसी लागू करेंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि पहले तो एनआरसी प्रदेश भाजपा में लागू करने की जरूरत है। जहां हर अहम पद पर घुसपैठिए काबिज हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष घुसपैठिए, नेता प्रतिपक्ष घुसपैठी, पार्टी सचेतक घुसपैठी हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.51/ET/SBP/ENGG/ 2023-24, दिनांक : 14.11.2023

(1) ई-निविदा सं.24-eT-DENW-SBP-23

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/ कंटाबान्जी के अधीन सम्बलपुर मण्डल के नवापड़ा रोड (In)-टिटिलागढ़ (Ex) सेक्शन के बीच 30.06.2024 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए जोनल (Zonal) कार्य का निष्पादन (पुल मरम्मत कार्य)।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 60,18,192.55, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 1,20,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 30.06.2024

(2) ई-निविदा सं.45-eT-SDENC-SBP-23

कार्य का नाम : वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/सेन्ट्रल के अधीन सम्बलपुर मण्डल में हीराकुद-सम्बलपुर (डाउन) सेक्शन के बीच TSR(P)-0.37 TKM एवं सरला-डुंगुरीपाली (डाउन) सेक्शन के बीच TSR(P)-8.4 TKM.

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 1,53,27,319.54, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 2,26,700/-, कार्यपूरा होने की अवधि : 06 (छ:) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (दोनों निविदा हेतु): दिनांक 08.12.2023 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-791/O/23-24

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, अनावश्यक तनाव-विवाद से बचना चाहिये।

**वृष** अनेक प्रकार के झंझटों के बाबजूद आपका मनोबल ऊंचा रहेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान।

**मिथुन** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगा,धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**कर्क** मौलिक तथा रचनात्मक कार्यों का श्रेय मिलेगा. प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा.विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

**कन्या** सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे. वाहन-सुख. रोजगार संबंधी नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** सपरिवार धार्मिक तथा भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे.घर-गृहस्थी में विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** नौकरी में स्थानांतरण पदोन्नति की संभावना, राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, आत्मविश्वास की वृद्धि, रुके कामों में प्रगति।

**मकर** परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा।

**मीन** विना-विचारे कोई काम न करें, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

### झामुमो के प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा का पलटवार

# एनआरसी का मुद्दा उठते ही झामुमो को हमेशा सांप क्यों सूंघ जाता है?

**झामुमो बाबूलाल फोबिया से ग्रसित : प्रतुल शाहदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप सूंघ जाता है। दरअसल यह बांग्लादेशी मुसलमान और रोहिंग्या मुसलमान का समर्थन करने वाली पार्टी है, तभी तो यह नहीं चाहती कि अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का पूरा हिस्सा झारखंड के मुसलमान को मिले, बल्कि वो तो ऐसा चाहती है कि स्थानीय मुसलमान के हिस्से को भी मुस्लिम घुसपैठिये लूट कर ले जायें। प्रतुल ने कहा कि संथाल परगना में लगातार मुस्लिम घुसपैठिए आदिवासी बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसा कर



स्थानीय निकाय और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। फिर भी झामुमो उनकी वकालत कर अपना आदिवासी विरोधी चेहरा दिखा रहा है।

प्रतुल ने कहा बाबूलाल मरांडी की लोकप्रियता से झामुमो के नेताओं के चेहरे के रंग उड़ गये हैं। पूरा झामुमो बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। पहले विपक्ष के नेता के पद पर आसीन नहीं होने दिया और अब मर्यादाहीन बयानबाजी करके अपनी खीज निकाल रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में बाबूलाल मरांडी की स्वच्छ और विकास पुरुष की छवि से जनता प्रभावित रहती है। ऐसी छवि झामुमो के किसी नेता की दूर-दूर तक नहीं है, बल्कि उन्होंने तो चार साल में लूट का रिकॉर्ड कायम किया है।

प्रतुल ने कहा, ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को सोते जागते, खाते पीते सिर्फ बाबूलाल का डर सताता है। क्योंकि बाबूलाल मरांडी ने अनेक बार पब्लिक फोरम से कहा है कि उनकी सरकार जब भी आयेगी तो इन चार वर्षों में भ्रष्टाचार करने वाले नेताओं को जेल भेजा जायेगा। प्रतुल ने कहा कि 2024 में लाल कोठी में बड़े पैमाने पर सत्ताधारी दलों के नेताओं के लिए रहने की व्यवस्था करने की आवश्यकता होगी।

### आचार संहिता उल्लंघन मामला : सीएम की याचिका पर सुनवाई आज

**रांची।** आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई होगी। मामले में कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कोर्ट ने हेमंत सोरेन के खिलाफ 21 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक भी लगायी थी। याचिका में हेमंत सोरेन ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गये थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। हेमंत सोरेन ने दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को जमीन पर उतारने में जुटी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने उच्च शिक्षा से वंचित होने वाले विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत देते हुए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को अमल में लाने में जुटा है। पहले चरण में इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक स्टूडेंट का आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसे पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जायेगा। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर लग रहे कैंपों में व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आवेदन मांगे जायेंगे। इस संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। विभाग ने स्टूडेंट इनफॉरमेशन रिक्वेस्ट फार्म के माध्यम से राज्य




के सभी जिलों में छात्रों का हार्ड कॉपी में डाटा एकत्रित करने को कहा है।

पोर्टल पर छात्रों से संबंधित सूचना अपलोड होने के उपरांत छात्रों को एसएमएस या ईमेल के माध्यम से इसकी सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। पोर्टल पर अपलोडेड सूचना का ऑनलाइन सत्यापन होने के बाद ही स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूर्ण माना जायेगा। विभाग ने योजना से संबंधित कार्रवाई के लिए मॉडल पदाधिकारी सैयद रियाज अहमद को बनाया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए झारखंड के मान्यता प्राप्त संस्थान से दसवीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। ऋण डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी, पोस्ट डॉक्टोरल, अनुसंधान जैसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए मिलेगा। क्रेडिट कार्ड के जरिए अधिकतम 15 लाख रुपये का ऋण महज चार प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। राज्य सरकार गारंटर की भूमिका में रहेगी। आवेदक का आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट, मोबाइल नंबर, इमेल आइडी और पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मजदूर और वेटर के परिजनों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत ने रांची में दिया अर्घ्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को रांची के हटनिया तालाब छठ घाट पर परिजनों के साथ पहुंचे।

मजदूरी करनेवाले मनोज शाह और वेटर का काम करनेवाले मनोज कुमार के परिजनों के संग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाट पहुंच कर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि त्योहार ही हैं, जो लोगों के उत्साह और आस्था को एक दूसरे से जोड़ कर रखते हैं।

विभिन्न तालाबों में लोग भगवान भास्कर को अर्घ्य दे रहे हैं। इसकी तैयारी बहुत पहले से शुरू हो गयी थी। मुझे लगता है, जो मंजर छठ में चार दिनों तक रहता है, वह 12 महीने रहे। सीएम ने कहा कि छठ महापर्व असीम आस्था, पवित्रता, आत्मानुशासन, स्वच्छता और प्रकृति पूजा का प्रतीक है।

**छठ महापर्व की अनुपम छटा**



### दिसंबर में जारी हो सकता है मैट्रिक और इंटरमीडिएट का मॉडल सेट पेपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट का मॉडल प्रश्न पत्र को लेकर अपडेट दिया है। जानकारी के अनुसार, झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीइआरटी) ने मॉडल पेपर तैयार कर लिया है और जैक को सौंप दिया है। संभवत मॉडल सेट पेपर दिसंबर में जारी किया जा सकता है। मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 को देखते हुए जैक में एक के बाद एक कामों को किया जा रहा है। इससे पहले फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा की जा चुकी है। फॉर्म 16 नवंबर से 2 दिसंबर तक भरा जायेगा। वहीं जैक ने परीक्षा की तिथियों की भी घोषणा कर दी है, जो 6 से 26 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में ली जायेगी। पहली पाली में मैट्रिक व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा ली जायेगी। वहीं जैक के अनुसार, इस बार एक भी डिग्री कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया नहीं जायेगा।

# छठ महापर्व : सांसद संजय सेठ ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

### सबके आरोग्यमय और ऊर्जावान जीवन की कामना की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकआस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सांसद संजय सेठ ने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर जाकर सभी छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दीं। सांसद ने भगवान भास्कर से सबके आरोग्यमय और ऊर्जावान जीवन की कामना की। सांसद श्री सेठ ने इस अवसर पर अरगोड़ा तालाब में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार और अरुण झा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। सांसद ने कहा कि भगवान भास्कर ऊर्जा और आरोग्य प्रदान करते हैं। लोक आस्था के इस पर्व पर मैं भगवान भास्कर और छठ मैया से सबके आरोग्यमय और ऊर्जावान जीवन की कामना करता हूं। इस दौरान सांसद सेठ ने छठव्रतियों को प्रणाम कर, उनसे आशीर्वाद लिया।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चार दिनों से जारी आस्था का महापर्व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। हजारीबाग जिले के सभी घाटों, नदियों, तालाबों पर छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। शहर के हृदय स्थली कहे जाने वाले झील, छठ तालाब, खजांची तालाब, मीठा तालाब, हुडहुडू तालाब, कोनार नदी समेत अन्य घाटों पर हजारों व्रतियों ने उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर आस्था के महापर्व छठ को मनाया। छठ व्रती 72 घंटे का व्रत और 36 घंटे का निर्जला उपवास रख भगवान भास्कर की अराधना की। सभी घाटों पर जिला बल के जवान और यातायात पुलिस विधि व्यवस्था में लगी रही। इसके अलावा सभी चौक चौराहों पर भी पुलिस जवान तैनात दिखे। इस दौरान शहर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मेन रोड, झील रोड, मटवारी रोड समेत कई जगहों पर तोरण द्वार भी बनाये गये थे। जगह जगह पर छठ व्रतियों को दूध, नारियल, सूप, फल, अगरबत्ती भी बांटने वाले दिखे। झील कैंपस में मुन्ना सिंह टीम के द्वारा चाय का स्टॉल लगाया गया था, जबकि लायंस क्लब, जेपी जैन, ब्रमऋषि समाज आदि के द्वारा भी अन्य चीजों का स्टाल लगाया गया था।

## विधायक और पूर्व विधायक ने दिया अर्घ्य

**बरकट्ठा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड के बेलवा नदी छठ घाट, कुंडिलवा नदी छठ घाट, बरवां नदी छठ घाट, परबत्ता नदी छठ घाट, बन्डासिंघा नदी छठ घाट में श्रद्धा पूर्वक छठ त्यौहार मनाया गया व भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। घाट पर विधायक अमित कु यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अर्घ्य देकर छठ मईया का आशीर्वाद लिया। वहीं छठ पूजा समिति के युवको ने बेलवा नदी छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया। जिसमें विधायक अमित कु यादव, थाना प्रभारी गौतम कुमार, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, पूर्व मुखिया बसन्त साव, पूर्व विधायक पुत्र अजित यादव समेत समिति के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया बसन्त साव, अध्यक्ष बिंदु सोनी उपाध्यक्ष दिलीप सोनी कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता उप कोषाध्यक्ष चंदन मोदी सचिव संतोष साहनी उप सचिव राहुल गुप्ता और कार्यकारी अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संरक्षक मंडली सुनील श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, अशोक नायक, पूर्व मुखिया बसंत साव, कुंदन सोनी, अजित यादव, राजन विश्वकर्मा, कार्यकारिणी समिति के युवक शेरा गुप्ता गुड्डू गुप्ता सुजीत विश्वकर्मा संजय कुमार दास नीरज शिशु, दीपक सोनी, विनोद सोनी, मिथलेश भारती, रतन गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रदीप सिंह, बबलू श्रीवास्तव, राहुल सोनी, विक्रम सोनी, सुमन गुप्ता, अजीत विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, अजीत गुप्ता, सोनू सोनी, अजीत सोनी, संजय विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोडरमा के घाटों पर उमड़ी भीड़

**कोडरमा।** सोमवार की सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। व्रती व उनके स्वजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए और समाज व देश के हित की कामना की। इससे पहले सोमवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालु पास के छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। इन घाटों पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था होने से यहां का दृश्य मनोहारी था। 19 नवंबर की शाम छठ घाटों पर व्रतियों ने अस्तचलगामी भास्कर को अर्घ्य दिया। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न हो गया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चाराडीह, विधायक नीरा यादव ने बरसोतियाबर में तो पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने नवलशाही में अर्घ्य दिया।

रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के समय जितनी भीड़ घाटों पर उमड़ी थी, उतने ही श्रद्धालु उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने को भी आतुर दिखे, अपना और परिवार के अन्य सदस्यों का सूप चढ़ाने के बाद सुहागिनों ने एक दूसरे की मांग भरी और उनके खोइंचा में ठेकुआ, खजूर व फल का प्रसाद डाला। इस अवसर पर पटाखे भी खूब फूटे।



















## गूंजते रहे पारंपरिक लोकगीत

**जयनगर।** प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न हुआ। महापर्व छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य और उदयमान भास्कर को अर्घ्य दिये। वहीं घंघरी छठ घाटों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना किया। वहां ब्रेक डांस आदि झुला का जमकर आनंद लिया। श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति भाव से दूध, फल वगैरह का वितरण किये। घंघरी सार्वजनिक छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, देवेंद्र राणा उर्फ बब्लू राणा, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, उप सचिव राजकुमार पासवान, संचालक शशी पांडेय, सरंक्षक बसंत नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी परमानंद गिरि, अवित सिंह, गोविंद शर्मा, रंजीत सिंह सहित कई लोगों ने शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेला कार्यक्रम का संचालन में लगे रहे। वहीं विधायक अमित कुमार यादव, शारदा विद्या मंदिर के प्राचार्य विजय कुमार यादव ने भी अर्घ्य दिया।

## थाना प्रभारी ने फल बांटा

**जयनगर।** थाना प्रभारी सुनील कुमार पासवान के नेतृत्व में छठ महापर्व के अवसर पर छठ व्रतियों के डलिया में नारियल, फल वितरण किया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार पासवान ने बताया कि सनातन धर्म में छठ पूजा की महिमा अपरंपार है जिसमें देवता प्रत्यक्ष रहते हैं जिसमें डूबते एवं उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। घाटो पर कोई ऊंच-नीच और भेदभाव नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद अमीर गरीब सभी श्रद्धा से ग्रहण करते हैं। इस दौरान मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पंचम तिगा, सहायक पुलिस निरीक्षक आशीष हंसदा, जेपी सिंह, दिलीप कुमार मंडल सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छठ

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को संपन्न हुआ। इससे पहले रविवार की शाम छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। कई वर्ती अपने घर से दंडवत करते छठ घाट पहुंचे। अर्घ्य देने के लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गुरू चट्टी छट घाट, पीपल नदी छठ घाट में सांढ़-छपेरवा छठ घाट, कांडतरी छठ घाट, मिर्जापुर छठ घाट, बिश्रामपुर छठ घाट, हरली छठ घाट, बादम छट घाट, गोंदलपुरा छठ घाट के अन्य छठ घाट में लगभग 50,000 श्रद्धालुओं ने छठ पूजा किया। आरत व अर्पण विभिन्न देवी मंडप, महावीर मंडप और दुर्गा मंदिरों में महिलाओं ने प्रसाद चढ़ाई और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन के आशीर्वाद देती रही। बड़कागांव के सूर्य मंदिर नदी घाट में सुबह शाम मेला का आयोजन हुआ।

## पटाखों के साथ हुई आतिशबाजी

**विष्णुगढ़।** लोक आस्था का महापर्व छठ प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न गावों में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छठवर्तियों ने रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। पूजा के दौरान जमुनिया उतरवानी नदी छठ घाट और रमुआ छठ घाट में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान बच्चों ने पटाखों के साथ खूब जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर जमुनिया छठ घाट पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छठ पूजा में बौलियागंज छठ पूजा समिति द्वारा लाइट साउंड की व्यवस्था और रास्ते में ग्यारह सौ घी के दीये जलाये गये थे। लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा के अवसर पर आजसू मांडू नेता तिवारी महतो ने ग्यारह सौ नारियल और फल का वितरण किया गया। वही बरनवाल सेवा समिति द्वारा पुराने पुल पर दीवाल दिया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में छठ पर्व संपन्न हुआ। पूजा के दौरान विष्णुगढ़ के सभी छठ घाटों में स्थानीय प्रशासन सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखे।

## कलश यात्रा के साथ उद्यापन यज्ञ शुरू



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित कन्हैया नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ एकादशी उद्यापन महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजद जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सावित्री देवी, प्रखंड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, स्थानीय मखिया रणजीत कुमार सिंह, राजद वरीय नेता भुनेश्वर प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 151 माताओं और कुंवारी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर भाग लिया। यज्ञ के आयोजक मुख्य पुजारी अनार देवी है। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील सिंह, बिजय कुमार सिंह, विकाश सिंह, सन्तोष सिंह, अजय सिंह, भुनेश्वर प्रसाद यादव, मुखिया दीपक कुमार पांडे, अनुराधा सीता, पुनम देवी, शुभाष यादव, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, रविशंकर तिवारी, पूर्व मुखिया मनिंदर राम, बबलु यादव, शिवशंकर यादव, केदार सिंह, मथुरा सिंह, भूषण मोदी, रवि सिंह, नवल पांडे, किशोरी सिंह, हरिहर सिंह समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बिजली समस्या को लेकर भाकपा की बैठक

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले लोकल कमिटी डोमचांच पश्चिम द्वारा बिजली समस्या को लेकर ग्राम नावाडीह के टोला लेवडा मे एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश राज उर्फ छोटु मुर्मू ने की। ज्ञात हो कि विगत 5 नवंबर से बिजली विभाग द्वारा अधिक बिजली बिल बकाया होने के कारण ग्राम करमीकुंड, नावाडीह, अहराय, लेवडा मे सभी आदीवासी घरों का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है, जिससे बच्चों के पठन, पाठन, और पर्व त्योहार मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने वाले आदिवासी परिवार को कुछ वर्ष पहले विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन दिया था। इस बीच बिजली आपूर्ति नियमित रूप से नहीं दिया गया। मौके पर उपस्थित माले जिला सचिव कॉ राजेन्द्र मेहता ने कहा कि झारखंड सरकार एक तरफ 100 यूनिट बिजली फ्री देने की बात करती है। वहीं गरीब आदिवासियों को अंधेरा का सामना करना पड़ता है। बिजली विभाग सभी उपभोक्ता का बिजली बिल माफ करे और अविलंब बिजली बहाल करे। यदि उक्त आदिवासी गांवों में बिजली समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भाकपा माले द्वारा जन आंदोलन तेज किया जायेगा। बैठक मे उमेश टुडु, सरयू बेसरा, दीपक हेम्ब्रम, बुधन हेम्ब्रम, विशुन मुर्मू, तालो हांसदा, महेश हांसदा, छोटन हेम्ब्रम, राजेश मुर्मू, सुशील सोरेन, आदि कई ग्रामीण ने बैठक मे उपस्थित हुए।

## थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जयनगर प्रखंड इकाई के प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, जिला अध्यक्ष सुभाष राणा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार राणा, पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, पंचायत अध्यक्ष महादेव शर्मा, समाजसेवी बबलु राणा, शेखर राणा, शिव कुमार शर्मा, रूपेंद्र राणा आदि ने जयनगर थाना के नव नियुक्त थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा से शिष्टाचार भेंट किया सामाजिक उत्थान और कानूनी जागरूकता के संबंध बातचीत की।

## ड्रीम इलेवन से करोड़पति बना बरकट्ठा का मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गांव बसरिया का राजू मंडल मुंबई में मजदूरी कर मजदूरी का काम करता है। उसने ड्रीम इलेवन खेल में एक करोड़ जीता है। यह जानकारी उसके घर वाले ने दी। बताया गया कि उसने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबला में राजु मंडल ने ड्रीम 11 पर अपना टीम बनाया। उसकी टीम जीत गयी। इससे वह ड्रीम इलेवन से एक करोड़ जीत चुका है। राजु मंडल महाराष्ट्र मुंबई के वर्ली नाका में रहकर दैनिक मजदूरी का काम कर करता है। उसकी पत्नी ने बताया कि जब



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच समाप्त हुआ। उसके कुछ समय बाद मेरे पति राजू मंडल ने फोन कर मुझे जानकारी दी। उसके पड़ोसी अशोक प्रजापति ने बताया कि वह फिलहाल ही गांव से मुंबई गया है। वह वहां मजदूर का काम करता है।

## जयनगर थाना प्रभारी का किया गया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रदेश सचिव हीरामन मिस्त्री, जिला अध्यक्ष सुभाष राणा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा के नेतृत्व में जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा से शिष्टाचार भेंट कर फूल माला देकर स्वागत किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार राणा, सुनील कुमार राणा, महादेव शर्मा, सुरेश राणा, शिवशंकर राणा, बबलु राणा, शेखर राणा, रुपेन्द्र राणा, शिवकुमार राणा सहित कई लोगों ने मिलकर उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी ने आयोजित की गोपाष्टमी मेला

## 127 वर्षो से गौशाला में हो रहा है गोपाष्टमी उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत जुलजुल और सितागढ़ा ग्राम के बीच अवस्थित कलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 127 वां साल गोपाष्टमी उत्सव के समृद्ध इतिहास का निर्वहन करते हुए सोमवार को भव्य गौपाष्टमी मेला का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने गौशाला परिसर पंहुचकर गौमाता को आहार खिलाया। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, उपयुक्त नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे, बीएसएफ, मेरू कैंप आइजी राकेश रंजन, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट हिरदेव पाठक, गौशाला के पदेन अध्यक्ष सह सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी मेला में उपस्थित होकर गौमाता को चारा - गुड और हरा चारा खिलाया और



आम-आवाम के संग घंटों मेला का लुप्त उठाया। यहां आने वाले सभी अतिथियों का गौशाला के सचिव श्रद्धानंद सिंह और हर्ष अजमेरा द्वारा अंग -वस्त्र, तुलसी का पौधा और भागवत गीता भेंटकर स्वागत व सम्मान किया।

गौशाला समिति के सचिव श्रद्धानंद सिंह ने बताया कि समिति ने कई नये प्रयोग किये और सभी सफल रहा और मेले में छठ पूजा के समापन का दिन होने के बाबजूद उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट संदेश देता है कि लोगों ने गौ सेवा के प्रति चेतना जागृत हुई है। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि गौशाला में संरक्षण और संवर्धन किये जा रहे गायों के हित में जो भी करना पड़ेगा करेंगे और गौसेवा में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं की जायेगी। उपायुक्त नैंसी सहाय ने डीएमएफटी फंड से बेलगड़ा अवस्थित गौशाला में विशाल शेड का जल्द निर्माण कराने की भी बात कही। मेले के सफल आयोजन में गौशाला के सचिव श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सेट्ठी, कोषाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य आनंद देव, हर्ष अजमेरा, नारायण गुप्ता, पवन खंडेलवाल, दीपक पसरिचा, अभिषेक अग्रवाल, अश्विनी केसरी, विकास कुमार सहित अन्य दर्जनों लोगों ने सरहानिय भूमिका निभाई। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, भैया अभिमन्यु प्रसाद, नारायण गुप्ता, विवेकानंद सिंह, अश्विनी केशरी, अनूप अग्रवाल, विवेक सिंह, डॉ.प्रवीण नाथ, मनोज गोयल, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, मनोज गोयल, जयनारायण मेहता, जितेंद्र जैन, सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, शिवपाल यादव, सुनील गुप्ता, आचार्य कौटिल्य, विशाल वाल्मिकी, अरुण यादव, सुनिल कुमार, विनय कुमार, कुमकुम देवी, महेश तिग्गा, प्रवीण सिन्हा, हजारीबाग विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, विवेक जोशी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संयुक्त वन अधिकार समिति की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में संयुक्त वन अधिकार समिति की बैठक वार्ड सदस्य खरकी बसंती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे अबोवा बीर दिसोम अभियान 2023 के तहत पिछले दिनों हुवे ग्रामवार वन अधिकार समिति की पुनर्गठन को लेकर पंचायतवार समीक्षा किया गया। जिसमें कई गांव में प्रावधान के विपरित समिति की गठन को लेकर असंतोष व्यक्त की गयी, इस अवसर पर लंबित दावे को लेकर रणनीति तय किया गया, खरकी से उपस्थित मोतीराम मरांडी, चितरामों से सोहन हेम्ब्रम, छोटन टुडू भेलवारा से सोमर सोरेन ने बैठक को संबोधित किया। परिषद राष्ट्रीय सचिव चुनुलाल सोरेन ने कहा कि लंबित मामलों में केवल आप सबका गांव नहीं है बल्कि पूरे जिले की समस्या है। हमारा खरना और गैड़ा पंचायत भी इससे अछूता नहीं है, जिसमें भंडेरी, गडरबारा, सबलाडीह, सामिल है, अंत में निर्णय लिया गया कि बाकी वन अधिकार समितियों को भी साथ जोड़ते हुवे एक बार एसडीओ से लंबित दावों पर संवाद स्थापित करेंगे अगर सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो, आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, मौके पर जीतलाल मरांडी, बाबूलाल मरांडी, रितलाल हेमब्रोम, ब्रिजमुनी देवी, क्रमचंद हांसदा, हरिलाल मुर्मू, चुनुराम मरांडी, फूलचंद मरंडी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने बांटी खेल सामग्री

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा सरना युवा क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए खेल सामग्री प्रदान की गयी। इस अवसर पर एनटीपीसी परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब और जिला परिषद सदस्य गीता देवी, केरेडारी थाना प्रभारी नायल गोडविन केर-केट्टा, निरंजन साव, जिला परिषद प्रतिनिधि ने फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभांरभ कियो एनटीपीसी द्वारा सरना युवा क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट की 32 टीमों के लिए जर्सी, फुटबॉल, नेट और टेंट का प्रबंध किया गया। इस अभियान पर फैज बताते हैं कि लोगों को प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों के लिए और ज्यादा समय देना चाहिए। लोगों को शारीरिक फिटनेस की तरफ लेकर जाने के लिए एनटीपीसी द्वारा इस कार्यक्रम में अपनी सह-भागीदारी दी है। इस अवसर पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु, आशिष कुल्लु, कृष्ण कुमार और मनातु पंचायत से मुखिया देवन्ती देवी, पंचायत समिति सदस्य चरमी देवी, उपमुखिया पूजा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि लालबिहारी गंझू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रूपन भोगता ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## 22 को स्व. चितरंजन यादव की 14वीं पुण्यतिथि मनायी जायेगी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के निकट (चलकुसा) ग्राम चटकरी में पूर्व विधायक स्वर्गीय चितरंजन यादव की 14 वीं पुण्यतिथि 22 नवंबर को ग्राम चटकरी फुटबॉल मैदान में मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी विधायक अमित कुमार यादव ने दिया।

# भगवान भास्कर को हजारों श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भगवान भास्कर का चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही श्रद्धा और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। रविवार को छठव्रती पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-सामग्री और फल-फूल सूप-दउरा में सजाकर अपने-अपने घरों से पारंपरिक छठ गीत गाते हुए छठ घाट पहुंचकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। चार दिनों के चलने वाले इस पर्व में व्रती महिलाओं ने खरना के बाद से व्रत का संकल्प लेती है, जो यह व्रत कुल 36 घंटे का होता है। वही, सोमवार को इस व्रत का पारण कर महिलाओं ने छठ के प्रसाद के साथ अन्न-जल को ग्रहण किया।



**छठ घाटों और सड़कों को दुल्हन की तरह सजाया गया:** छठ महापर्व को लेकर घाटों और सड़कों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शहर के दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब, हरहरी नदी, कोठार तालाब सहित अन्य जलाशयों को आकर्षक विद्युत सज्जा, छोटे-छोटे रंगीन बल्बों एवं फूलों से सजाया गया था।

छठ घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर पूजा समितियों द्वारा आकर्षक ढंग से सजाते हुए भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित किया, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसके अलावे प्रत्येक गली-मोहल्ले में छोटे-छोटे रंगीन बल्बों और दूधिया रोशनी से आकर्षक सजावट की गयी थी।

**छठ पर्व को लेकर चौकस दिखा पुलिस-प्रशासन:** पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन चौकस दिखे, जगह-जगह पुलिस बल तैनात थे। इस दौरान एसडीओ शीलवंत भट्ट, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, सीओ सत्येंद्र नारायण पासवान, बीडीओ पूजा कुमारी, थाना प्रभारी रोहित कुमार घाटों का निरीक्षण करते दिखे।

## राजद नेता ने बांटे साड़ी और फल



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** राजद के वरिष्ठ नेता और डुमरी कला पंचायत के पूर्व मुखिया कंचन यादव ने रविवार को छठ पर्व के अवसर पर पंचायत के विभिन्न गांवो में घूम-घूम कर छठ व्रतियों के बीच साड़ी और फल का वितरण किया। पूर्व मुखिया के इस पुनीत कार्य से लोगों ने खुशी जाहिर की। मौके पर काफी संख्या में पंचायत के लोग मौजूद थें।

## सूर्य देव को जल और दूध किये अर्पित



**गोला (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय छठ पूजा सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे छठ घाटों पर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को जल और दूध अर्पित किये। इसके अलावा मौसमी फल, गन्ना, नारियल और ठेकुआ, खजुरिया जैसे व्यंजन और बांस से निर्मित सूप में रखी अन्य वस्तुएं भी सूर्य और छठी माई को अर्पित की गयी। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और 36 घंटों का लंबा उपवास तोड़ा। क्षेत्र के गोमती नदी, स्वर्णरेखा नदी, मगनपुर तलाब, पुरबडीह तालाब के साथ हेमतपुर, बेटुल कलां, रोला, नेमरा, चोकाद, बरियातू आदि गांवों में शांतिपूर्ण पूजा समपन्न हो गया।

## रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ छठ

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था और छठी मैया की महिमा का अपरंपार त्यौहार रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में आस्था और भक्ति भाव से विभोर धूमधाम संपन्न हुआ। 36 घंटा तक चलने वाले निर्जला उपवास का महा त्योहार, आस्था से जुड़ा त्यौहार पवित्रता और स्वच्छता का लोकप्रिय महापर्व छठ के मौके पर रविवार को छठ व्रत द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य देवता भक्तिभाव से अर्घ दिया गया। जबकि सोमवार को अहले सुबह भगवान भास्कर उदीयमान सूर्य को हजारों भक्तों ने अर्घ देकर आस्था व्यक्त किया। इस मौके पर रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के बामनधारा भैरवी नाला पर रजरप्पा क्षेत्र के छठ वरतियों हजारों की संख्या में नदी घाट पर पहुचे इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पहुंचे और सैकड़ो छठी मैया की डाला में नारियल से नारंगी संतरा और केला आदि फलों का वितरण किया तथा तमाम देशवासियों को छठ मैया की महिमा बना रहे तथा क्षेत्र में सुख समृद्धि शांति के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नदी नाला तालाब आदि छठ घाट में छठ वरतियों और त्यौहार में आस्था व्यक्त करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से छठ मैया को अरघ दिया। छतर मांडू नाला पर छठ वरत्तियों के लिए आकर्षक ढंग से छठ घाट को सजाया गया तथा घाटों मे आकर्षक रंग बिरंगी बिजली की रोशनी से चकाचौंध किया गया। जिससे भक्तों को बेहतर सुविधा मिली चार दिनों तक चलने वाले आस्था का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। उधर दुलमी में प्रखंड क्षेत्र के सिरू पोटमदगा, कोरचे, प्रियातू सिकनी सोसो उसरा आदि कई दर्जनों गांव में छठ मैया के विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। फूल बेलपत्र नारियल मुली गाजर से नासपति हल्दी शकरकंद केला पानी सिंघाड़ा आदि दर्जनों किस्म के फलों का चढ़ावा किया,रजरप्पा चितरपुर क्षेत्र में हजारों की संख्या में अपने-अपने गांव पंचायत के विभिन्न नदी नाला तालाब आदि घाट पर श्रद्धालुओं ने अरघ दिया गया। भक्ति भाव से छठ मैया की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गयी। छठ पूजा को लेकर छठ मैया की महिमा भरी भक्ति भाव से भरा गीतों से पूरा भक्तिभय हुआ पूरा क्षेत्र।



## मंत्री सत्यानंद भोक्ता और उपायुक्त ने छठ पर्व की दी शुभकामनाएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में नेम निष्ठा और लोक आस्था का त्योहार छठ उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया। पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ छठ महापर्व मनाया गया। इस मौके पर छठव्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर रविवार को अस्ताचलगामी और सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर अपना अनुष्ठान पूरा कर अपने परिवार के सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के छठ तालाब समेत विभिन्न छठ घाटों में घूम घूम कर सबको लोक आस्था व सूयोर्पासना का महापर्व छठ की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही सूर्य को अर्घ्य देकर देश प्रदेश की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं उपायुक्त अबु इमरान इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में स्थित बक्सा डेम में हो रहे छठ घाट स्थल पर पहुंच सुरक्षा व्यस्था का जायजा लिया और लोगों को बधाई और शुभकामनाएं भी दिया।





## विभिन्न घाटों पर लाइट और चेंजिंग रूम की व्यवस्था

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** घुटुवा, हेहल, पोचरा, बरकाकाना के विभिन्न क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। छठव्रतियों ने निर्जला उपवास रख भगवान भास्कर की आराधना की। छठ पर्व के दौरान नगर परिषद व केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना प्रबंधन की ओर से विभिन्न घाटों का निर्माण व मरम्मती किया गया था। वही बरकाकाना ओपी प्रभारी मणिदीप द्वारा छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गयी थी। क्षेत्र के विभिन्न घाटों में सामाजिक कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों के द्वारा घाटों पर लाइट और चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गयी थी। छठ पूजा की समाप्ति पर जगह जगह भंडारा व भोग की व्यवस्था की गयी थी। मौके पर लक्ष्मी देवी, सुषमा कुमारी, पल्लवी कुमारी, परी कुमारी, तेजस शर्मा, नवनीत कुमार शर्मा, ध्रुव कुमार शर्मा, शशि कुमार, सुधीर कुमार, रामा ठाकुर, अजित गुप्ता, कुश श्रीवास्तव, मनोज यादव, ओम प्रकाश, छोटू, राजा, मनोज, संजय वर्मा, हिमांशु श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## युवकों ने तालाब को आकर्षक रूप से सजाया

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू और इसके आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। छठवर्तियों ने स्थानीय जलाशयों में रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को अहले सुबह भगवान भास्कर सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पर्व को लेकर श्रद्धालु, गणमान्य, समाजसेवीयों के अलावे कई सामाजिक संगठनों के द्वारा छठवर्तियो के बीच फल, दूध व पूजन समाग्री का वितरण किया। छठ समिति व ग्रामीण युवकों के द्वारा ऐतिहासिक जोड़ा तालाब को आकर्षक रूप से सजाया गया था। वहीं सभी मार्गों पर तोरण द्वार व विद्युत व्यवस्था की गयी थी। पर्व को लेकर अनहोनी से निपटने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू के चिकित्सक दल के साथ मांडू बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, थाना प्रभारी अवधेश कुमार सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।



## बलकुदरा में ग्रामीणों की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा पंचायत के स्थानीय- विस्थापित ग्रामीणों की बैठक सोमवार को रिचीबंधा नया टोला के फुटबॉल ग्राउंड में हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन रवि महली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित सह झामुमो के युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित थें। बैठक में कहा गया कि हम स्थानीय-विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पीभीयूएनएल कंपनी को पिछले 5 अप्रैल 2023 को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। साथ समय-समय पर बैठक कर स्थानीय- विस्थापित ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगों से प्रबंधन को अवगत कराया जाता रहा है। लेकिन आठ माह बीत जाने के बावजूद भी कंपनी की ओर से किसी तरह की सकारात्मक पहल नहीं की गयी। बैठक में स्थानीय-विस्थापित ग्रामीण द्वारा एक बार पुनः पीभीयूएनएल कंपनी को 24 नवंबर शुक्रवार को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। मौके पर मनोज महली, अरविंद यादव, सनी मुंडा, चंदन महतो, सनोज रजक, कुणाल यादव, आनद मुंडा, अशोक यादव, विवेक प्रसाद, सुरेश मुंडा, सौरभ राणा, मुकेश मुंडा, अशोक उरांव, दिलीप महली, अनिल मुंडा, तिलक यादव, सुभाष यादव, गुलचंद मुंडा, दिनेश यादव, बबलू मुंडा, सुरज मुंडा, संतोष सिंह आदि मौजूद दें।

## पीसीसी पथ का अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा नलकारी नदी के समीप छठ मंदिर से छठ घाट तक विधायक मद से निर्मित ईंट सोलिंग और पीसीसी पथ निर्माण कार्य पूरा होने पर रविवार को उद्घाटन किया गया गया। पीसीसी पथ का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। बताया गया की छठव्रतियों को छठ घाट जाने में हो रही परेशानियों को देखते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने विगत दिनों उक्त पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। पथ का निर्माण छठ पूजा के पूर्व होने से छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं में हष का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन के मौके पर विधायक अंबा प्रसाद में छठी मैया से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि और कल्याण हेतु प्रार्थना की। इस दौरान विधायक ने कई छठ घाट पहुंचकर नारियल प्रदान की एवं छठ घाट का जायजा लिया। साथ ही पूजा समिति को छठव्रतियों के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, मुखिया अजय पासवान, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, संजीत राम, दीपक कुमार, दीपक भुईयां, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, मुकेश राउत, चंदन साव, शंभू दुबे, भिखम राजभर, सतीश कुमार, शशि कुमार, शिव दास, आजाद भुईयां, शंकर घांसी, बासुदेव उरांव, अमृत सागर, नारायण करमाली आदि मौजूद थें।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउंडेशन के सहयोग से मिशन जीरो हंगर योजना के तहत राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से दातुन पत्तल बेचने आने वाले गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि पिछले 8 वर्षों से आमजनों के सहयोग से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जेएसपी फाउंडेशन के सहयोग से मिशन जीरो हंगर महत्वाकांक्षी योजना के तहत छह माह मार्च 2024 तक प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन पत्तल बेचने आए गरीबों को भोजन कराया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, डॉ जयश्री मेहता, रिंकू वर्णवाल, इम्तियाज अंसारी, राकेश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

## कुजू में छठ महापर्व धूमधाम से संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में सोमवार को लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक के साथ संपन्न हो गया। छठ व्रतियों ने रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की कुशलता की कामना की। इधर, पुलिस प्रशासन भी क्षेत्र के छठ घाटो में मुस्तैद रहे। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जबकि छठ व्रतियों के बीच समाजसेवियों ने कुजू चौक, तोपा-पिंडरा, दिगवार, ओरला, आरा-सारूबेडा, करमा, बोंगावार, सेवटा, रतवे, छोटकी डुंडी, रांची रोड़ समेत कई जगहों पर, नारियल, फल, दही, चीनी आदि का वितरण किया गया। छठ पूजा को लेकर कुजू छठ बड़ा तालाब परिसर में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति और तोपा छठ पूजा समिति ने भगवान सूर्य का प्रतिमा स्थापित किया गया। वहीं, तालाब के चारो ओर विद्युत साज-सज्जा किया गया। जिससे तालाब काफी आकर्षित लग रहा है।

## जोरी छठ गली पीसीसी पथ का हुआ उद्घाटन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जोरी छठ गली चबूतरा से छठ घाट तक पंचायत समिति मद से बने पीसीसी पथ का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उप प्रमुख राहुल गुप्ता, मुखिया मो शमशाद, पंचायत समिति प्रतिनिधि अखलेश कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि रामरतन साहू, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संदीप गुप्ता, ग्रामीण मुकुल कुमार, गोपाली उपाध्याय, सोनू केशरी, राहुल केशरी, सोनल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए। समाजसेवियों ने छठ महापर्व से पूर्व पथ का निर्माण पूरा होने से काफी खुश हैं और लोगों ने इस कार्य की खूब सराहना की ।

## कुंदा में मोबाइल टावर का अभाव



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र कुंदा प्रखंड विकास से काफी अछूता है। सड़क, बिजली, पानी के साथ-साथ कुंदा प्रखंड में मोबाइल टावर का भी अभाव है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को एक दूसरे से संपर्क कर पाना काफी मुश्किल होता है। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को समय पर राशन नहीं मिल पाता है। पीडीएस दुकानदार ई पाश मशीन को लेकर नेटवर्क के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं। घंटों मशक्कत के बाद इ-पाश मशीन में नेटवर्क आने पर कार्डधारियों को अनाज मिल पाता है। इसके अलावा बच्चों की आनलाइन पढ़ाई, आधार कार्ड बनाने जैसे अन्य जरूरी कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी कुंदा प्रखंड के मेदवाडीह,शाहपुर इचातु, दारी, नवादा, सलगी प्रतापपुर प्रखंड के बामी, बरहे, सिकारपुर में रहने वाले लोगों को होती है। 21वीं सदी में भी इस क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक सह श्रम प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह और उपायुक्त से क्षेत्र में मोबाइल टावर की व्यवस्था कराने की मांग की है। ताकि इस पिछड़े क्षेत्र के बच्चों का भविष्य सुधारने और देश दुनिया के अन्य हिस्सों के बारे में जानकारी लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने और सरकारी योजनाओं की सूचना मिलने पर उसका लाभ लेने में मदद मिल सके।

### श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के तीसरे दिन गुरुवाणी और छठ के गीत गुंजायमान रहे

# सा धरती भई हरियावली, जित्थे मेरा सतगुरु बैठा आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को प्रभातफेरी में गुरुवाणी व छठ के गीतों से पूरा शहर गुंजयमान हो रहा। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में सिख समाज के महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रभातफेरी में सरदार त्रिलोचन सिंह अपने हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे। जिसमे, 'मिटी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोला, सा धरती पई हरियावाली जित्थे मेरा सतगुरु बैठा आये, माता की आशीष पुता माता की आशीष' शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

**सरदार मनपाल सिंह सोनी को सरोपा देकर किया गया सम्मानितः** प्रभातफेरी मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब आरंभ होकर छावनी फुटबॉल मैदान तक गुरुवाणी गायन करते पहुंची। वहां से स्कूल की बसों के द्वारा प्रभात फेरी ब्लॉक तक गई। ब्लॉक से फिर गुरुवाणी गाते हुए प्रभात फेरी सरदार मनपाल सिंह सोनी के नए परिसर एसबीआइ बैंक परिसर में पहुंची। यहां साध संगत का स्वागत किया गया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार प्रीतम सिंह कालरा ने सरदार मनपाल सिंह सोनी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

**प्रभातफेरी में ये थे शामिल**

प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी, इंद्रजीत जस्सल, हरजाप सिंह, दलजीत सिंह गुल्लू आनंद, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, कुलजीत सिंह कालरा, पपींदर सिंह खंबे, अनमोल आनंद, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह कालरा, कमल जस्सल, विंसी कोहली, बगुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल, बुग्गी जस्सल, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसमीत कौर सोनी, करमजीत कौर जग्गी, विमला जस्सल, रानी जस्सल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।





# म्यांमार में संकट

म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ जारी थ्री ब्रदरहुड अलायंस का ऑपरेशन 1027 गंभीर रूप लेता जा रहा है। खुद सैन्य शासन ने स्वीकार किया है कि बड़ी संख्या में सशस्त्र बागी सैनिक भारी हमला कर रहे हैं। खबरें बताती हैं कि सैकड़ों की संख्या में ड्रोन सैन्य चौकियों पर बम बरसा रहे हैं। दरअसल म्यांमार में इस संकट की नींव दो साल पहले तब पड़ी जब फरवरी 2021 में सेना ने आंग सान सू की की अगुआई वाली निर्वाचित सरकार के हाथों से जबरन सत्ता छीन ली थी। पूरे देश में उसका व्यापक विरोध हुआ। लोकतंत्र बहाल करने की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गये, लेकिन सैन्य शासकों ने आम लोगों के इस विरोध को ताकत से दबाने की कोशिश की, जिसका नतीजा यह हुआ कि आंदोलनकारियों का एक हिस्सा हथियार उठाने का फैसला कर उन सशस्त्र समूहों से जा मिला, जो पहले से ही आत्मनिर्णय की मांग कर रहे थे। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में झड़पें चलती रहीं, जिनमें 4000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसमें एक नया मोड़ तब आया जब 27 अक्टूबर से म्यांमार नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी और अराकाम आर्मी - जिन्हें 3 ब्रदरहुड अलायंस कहा जा रहा है- ने मिल कर ऑपरेशन 1027 शुरू किया, जिसका मकसद सैन्य शासन को उखाड़ फेंकना है। यह ऑपरेशन आगे क्या रूप लेता है और इसके क्या परिणाम आते हैं, यह सवाल तो अपनी जगह है ही, लेकिन फिलहाल इसका प्रत्यक्ष परिणाम म्यांमार से भारत की सीमा में प्रवेश करने वाले शरणार्थियों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है। पिछले हफ्ते ही 5000 म्यांमारियों का एक नया जत्था मिजोरम आया, जिसमें कुछ सैनिक भी शामिल हैं। म्यांमार से भारत की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। खास बात यह कि भारत के चार राज्यों- मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश- से लगती यह सीमा फ्री मूवमेंट व्यवस्था के तहत आती है, जिसके मुताबिक लोग सीमा के दोनों तरफ 16 किलोमीटर तक आ-जा सकते हैं। वैसे भी सीमा के दोनों ओर बसी जनजातियों में आपसी रिश्तेदारियों के चलते इन प्रावधानों को कड़ा करना या शरणार्थियों के आने पर रोक लगाना मुश्किल है। मगर इसके साथ ही इन नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के संवेदनशील हालात का भी ध्यान रखना होगा। 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से शरणार्थियों का जो तांता लगा है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले राज्य हैं मिजोरम और मणिपुर। नशे का अवैध कारोबार इस पूरे प्रकरण का एक अहम पहलू है। जानकारों के मुताबिक कुख्यात गोल्डेन ट्राएंगल - म्यांमार, लाओस और थाईलैंड बॉर्डर का इलाका- इसका प्रमुख स्रोत है। जाहिर है, न सिर्फ म्यांमार में बन रही अनिश्चितता की स्थिति बल्कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या भी भारत सरकार के लिए चिंता की बात है। उसे तेजी से बदलते हालात पर नजर बनाये रखनी होगी।

2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से शरणार्थियों का जो तांता लगा है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले राज्य हैं मिजोरम और मणिपुर। नशे का अवैध कारोबार इस पूरे प्रकरण का एक अहम पहलू है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सहारा में निवेशकों को डूबी रकम वापस करने का मुद्दा मध्य प्रदेश चुनाव में प्रमुखता से उठाया गया। सहारा की रिपोर्ट में कुल 9 करोड़ निवेशकों का जिक्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में 1.5 करोड़, उत्तर प्रदेश में 85 लाख, बिहार में 55 लाख, झारखंड में 24 लाख, राजस्थान में 18 लाख, ओड़िशा में 20 लाख, पश्चिम बंगाल में 14 लाख, गुजरात में 8 लाख, हरियाणा में 5 लाख, दिल्ली में 5 लाख तीन लाख निवेशकों का पैसा सहारा की पोंजी स्कीमों में डूब गया है।**

# सहारा के 25000 करोड़ रुपयों का अब क्या होगा

विराग गुप्ता



**सहारा ग्रुप से जुड़ी अनेक संपत्तियों पर कानूनी विवाद को खत्म करने के लिए सरकार इन्हें जब्त कर सकती है। सरकार के पास 25 हजार करोड़ की जो जमा रकम है, वह निवेशकों की है या फिर बेनामी, इसका कानूनी निर्धारण करना जरूरी है।**

सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय की मौत के बाद सेबी के पास जमा 25,000 करोड़ रुपयों पर कानूनी बहस शुरू हो गई है। सन 80 के दशक में 2000 रुपए की पूंजी से व्यापार शुरू करने वाले सुब्रत रॉय का सहारा ग्रुप 2008 तक देश की सबसे बड़ी एनबीएफसी बैंकिंग ग्रुप बन गया था। विदेशों में होटल, 10 हजार एकड़ की टाउनशिप, एयर लाइंस, जीवन बीमा कंपनी, क्रिकेट टीम, फिल्म स्टारों के ग्लैमर और नेताओं के रसूख में निवेश करने में सहारा ग्रुप की दिक्कतें आईपीओ लाने के इरादे के बाद शुरू हुईं।

कानून के अनुसार आईपीओ लाने वाले समूह को अपनी अन्य ग्रुप कंपनियों की वित्तीय स्थिति की पूरी जानकारी देनी पड़ती है। विवरण मिलने पर बाजार नियामक सेबी ने सहारा से 3 करोड़ ओएफएसडी निवेशकों के जमा कराए गए हजारों करोड़ रुपये की वापसी का आदेश दिया। विवाद बढ़ने के बाद रिजर्व बैंक, सुप्रीम कोर्ट और अन्य नियामकों की नींद खुली तो देश के सबसे बड़े पोंजी घोटाले की परतें खुलना शुरू हो गयीं। निवेशकों से एकत्र रकम को 15 फीसदी ब्याज के साथ वापस करने के आदेश का पूरी तरह से पालन नहीं करने पर सहारा प्रमुख सुब्रत राय और अन्य निदेशकों को सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में जेल भेज दिया। कुछ साल बाद पैरोल पर उनकी रिहाई के बावजूद सहारा से जुड़े किस्सों और संपत्तियों की उलझनें खत्म नहीं हो रही हैं।

मार्च 2023 तक कुल 19650 रिफंड आवेदन मिले, जिनमें से 17526 लोगों को 138 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

**करोड़ों निवेशकों की रकम वापसी नहीं :** सहारा ग्रुप में पिछड़े इलाकों के करोड़ों गरीब लोगों ने सुरक्षा और अच्छे रिटर्न के लिए पैसा लगाया था, लेकिन अब उनकी मूल धन की पूंजी भी डूब गयी है। सहारा में निवेशकों को डूबी रकम वापस करने का मुद्दा मध्य प्रदेश चुनाव में प्रमुखता से उठाया गया। सहारा की रिपोर्ट में कुल 9 करोड़ निवेशकों का जिक्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में 1.5 करोड़, उत्तर प्रदेश में 85 लाख, बिहार में 55 लाख, झारखंड में 24 लाख, राजस्थान में 18 लाख, ओड़िशा में 20 लाख, पश्चिम बंगाल में 14 लाख, गुजरात में 8 लाख, हरियाणा में 5 लाख, दिल्ली में 5 लाख तीन लाख निवेशकों का पैसा सहारा की पोंजी स्कीमों में डूब गया है।

सहारा समूह के अनुसार उन्होंने 95 फीसदी निवेशकों को प्रत्यक्ष तौर पर भुगतान कर दिया है, लेकिन इसका कोई अधिकृत रिकॉर्ड नहीं है। सेबी की सालाना रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 तक कुल 19650 रिफंड आवेदन मिले, जिनमें से 17526 लोगों को 138 करोड़ का भुगतान कर दिया गया, जिसमें से 68 करोड़ रुपये ब्याज की रकम था। दूसरी तरफ यह कहां जा रहा है, की कागजी कार्रवाई और तकनीकी आपत्तियों की वजह से लाखों लोगों के रिफंड क्लेम रिजेक्ट हो रहे हैं।

केंद्र सरकार ने मार्च 2023 में कहा था कि सहारा की चारों सहकारी समितियों के 10 करोड़ निवेशकों को 9 महीने में रकम लौटा दी जायेगी। उसके बाद जुलाई में सरकार ने रिफंड के लिए ऑनलाइन पोर्टल लांच किया। सरकार के अनुसार निवेशकों को 3 चरणों में रकम वापस की जानी है। पहले चरण में 15 नवंबर तक 5000 तक के क्लेम, दूसरे चरण में 25 नवंबर तक 20000 तक के क्लेम और तीसरे चरण में 20000 से ऊपर की रकम के क्लेम का निपटारा करना है, लेकिन उसके लिए तारीख की घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

**बेनामी और आपराधिक रकम और संपत्ति :** सुप्रीम कोर्ट में कंटैंप्ट याचिका फाइल होने के बाद साल 2013 में सहारा ने 127 ट्रकों में 31 हजार गत्तों के डिब्बों में तीन करोड़ निवेशकों के रिकॉर्ड भेजकर सेबी को डराने की कोशिश की थी। सहारा ग्रुप ने दावा किया कि उन्होंने 19 हजार करोड़ रुपये की रकम का भुगतान कर दिया है, इसलिए बैंक में जमा रकम सहारा को वापस की जाये। लेकिन इसका कोई ऑडिटेड रिकॉर्ड नहीं दिया गया। जबकि सेबी के अनुसार निवेशकों की रकम ब्याज सहित अब 48 हजार करोड़ रुपये हो गयी है। इसके अलावा दूसरे सभी मामलों को मिलाकर सेबी को सहारा से 62602 करोड़ रुपये की रिकवरी करनी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार सहारा के दिये गये दस्तावेज अधिकांश गलत और फर्जी हैं। उनमें कलावती नाम की महिला का नाम 5984 बार आया है, जबकि पता सिर्फ एक है। अगर यह पैसा आम निवेशकों का नहीं है, तो हजारों करोड़ की रकम बेनामी और भ्रष्ट तरीके से अर्जित की गयी थी। सहारा प्रमुख का अनिल अम्बानी, विजय माल्या और नरेश गोयल जैसे लोगों के साथ व्यापारिक नाता था। उनमें से एक दीवालिया हैं, दूसरे विदेश में भगौड़े हैं और तीसरे जेल में हैं। सहारा प्रमुख की पत्नी के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्य भारत से बाहर विदेशों में बस गये हैं। सहाराश्री की मृत्यु के बाद उनके पैसे से मालामाल नेता, खिलाड़ी और फिल्म स्टारों के किस्से अब इतिहास में दफन हो गये हैं।

सहारा ग्रुप से जुड़ी अनेक संपत्तियों पर कानूनी विवाद को खत्म करने के लिए सरकार इन्हें जब्त कर सकती है। सरकार के पास 25 हजार करोड़ की जो जमा रकम है, वह निवेशकों की है या फिर बेनामी, इसका कानूनी निर्धारण करना जरूरी है। अगर यह बेनामी और गलत तरीके से अर्जित है, तो इस रकम को भारत की संचित निधि में जमा करके आमजन के कल्याण हेतु खर्च करना चाहिए।

**(लेखक : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### पांच दिनों तक चलने वाले बाल मेला का उद्घाटन

# सिदगोड़ा चिल्ड्रन पार्क बनेगा बाल क्रीड़ा उद्यान: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को कहा कि वह सिदगोड़ा चिल्ड्रन पार्क को बाल क्रीड़ा उद्यान में परिणत करेंगे। यहां आयोजित बाल मेले के उद्घाटन समारोह में सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मंच देने की। हमलोग खेल के क्षेत्र में निरंतर काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। सरयू राय ने कहा कि पिछली बार बाल मेले में प्रशासन ने सहयोग नहीं किया था। उन्हें सहयोग करना चाहिए क्योंकि हमलोग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रहे हैं। बच्चे स्वस्थ हों, इसके लिए क्रीड़ा का उनके जीवन में बेहद अहम स्थान है। उन्होंने इस बात को लेकर खुशी जताई कि आने वाले वर्षों में इस तरह के आयोजन में राज्य बाल संरक्षण आयोग बखूबी अपनी भूमिका निभायेगा, बकायदा पार्टनर बन कर। हालांकि श्री राय ने इस बात पर चिंता भी व्यक्त की कि प्रशासन के लोगों को भी आयोजन के अनेक प्रावधानों की जानकारी पूरी तौर पर नहीं है। कुश्ती के इंटरनेशन स्तर के कोच भोलानाथ सिंह ने कहा है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में खेल-कूद की भावना भी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बाल मेले में 70 कैटेगरी में खेल हो रहे है, बच्चों को चाहिए कि वो इसमें हिस्सा ले। अगर चार दिनों में इतने बड़े पैमाने पर खेल का आयोजन किया जा रहा है तो मुझसे ज्यादा खुश शायद ही कोई हो। उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर जरूरत होगी, हम मदद करने को तत्पर है। कुश्ती के अंतर्राष्ट्रीय कोच भोलानाथ सिंह ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाएं जरूर पर उन्हें खेलकूद में भी आगे बढ़ाएं। ये बिलकुल सत्य है कि जैसे ही आपके बच्चे घर में या बाहर खेलना कूदना शुरू करेंगे, घर में लोग स्वस्थ होने लगेंगे। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए विधायक सरयू राय की बेहद प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को एक बढ़िया खिलाड़ी बनाने का प्रयास करें। अगर आप ऐसा करेंगे तो आपका बालक फिटनेस के बारे में, खेल के बारे में घर-परिवार से लेकर देश-दुनिया तक में अच्छी बातें बतायेगा, जिसका सुखद फल हम सभी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बाल मेला सिर्फ जमशेदपुर में ही न हो बल्कि इसे पूरे झारखण्ड भर में फैलाने की जरूरत है। बिहार के पूर्व मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरयू राय ने राजनीति से अलग होकर खेल की दुनिया में एक ऐसा काम किया है, जिससे लोग चकित है। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि स्वस्थ मन में ही स्वस्थ विचार का वास होता है। स्वस्थ मन का निर्माण बचपन में ही होता है। बचपन खेलेगा नहीं तो निमार्ता कैसे बनेगा। अगर निमार्ता बनना है तो खेलना जरूरी है। माता-पिता को बच्चों की परवरिश इस प्रकार से करना चाहिए कि वह एक सामर्थ्यवान नागरिक बन सके और राष्ट्र की सेवा कर सके। इस बाल मेला का भी यही संदेश है। इसके पूर्व गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा गायत्री मंत्र का जाप किया गया और दीप दान का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग के सदस्य सुनील कुमार वर्मा, बिहार के पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, क्रीड़ा भारती के राजीव कुमार, एनसीआरटी से अंजुला सागर, मिराकल फाउंडेशन के कंट्री हेड अन्ना मुखर्जी और झारखंड राज्य खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदु आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि मेले में 45 स्टॉल लगे हैं। इनमें ऊर्जा से लेकर साहित्य तक के स्टॉल शामिल है। देश की नामचीन संस्थाओं, प्रकाशन केन्द्रों के स्टॉल भी यहाँ पर लगाये गये हैं।

# छठ घाट पर अर्पण परिवार ने लगाया सेवा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महान पर्व पर शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था अर्पण द्वारा पिछले आठ वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानगो स्थित स्वर्णरेखा नदी घाट पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। इस शिविर में पूजन सामग्री, कपूर, अगरबत्ती, माचिस, आम की लकड़ी, दतुवन, दीया बाती, गाय का दूध, चाय, बिस्कीट, मसाला चना का वितरण किया गया। साथ ही अर्पण परिवार द्वारा सदस्यों और श्रद्धालुओं के लिए हर एक साल की भांति रात्रि भोजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के बिवाश मजुमदार, दीपक सिंह, मनीष सिंह, घनश्याम भीरभारिया, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी, सूरज चौबे, सागर चौबे, गणपत नाग, मनोज हलदर, दर्शन, रामा राव, मन्नू ढोके, पिंटू भीरभरिया, शुरू पात्रों, सुभम शर्मा,अमन सिंह, और समस्त सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# सूर्य मंदिर की छठ पूजा में शामिल हुए गवर्नर रघुवर दास

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय व ममता राउत के भक्ति गीतों की प्रस्तुति की। सूर्य मंदिर समिति की ओर से शंख मैदान में आयोजित छठ महोत्सव में मुख्य अतिथि ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, विशिष्ट अतिथि मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत तमाम पदाधिकारी व अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय,सुर संग्राम की विजेता एवं ख्याति प्राप्त गायिका ममता राउत एवं जमशेदपुर की उभरती गायिका स्नेहा मिश्रा व डेजी ठाकुर ने छठ लोकगीत एवं भक्ति गीतों से सभी लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने संबोधित करते हुए कहा पूरे देश में आस्था एवं विश्वास के प्रतीक छठ पूजा पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है।उन्होंने देशवासियों व झारखंडवासियों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा भगवान भास्कर से आराधना करता हूं आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो। देश ही नही बल्कि पूरे विश्व भर के जनमानस छठ पूजा को पूरी भक्ति और शक्ति के साथ मनाते हैं ।

# कठिन तपस्या,पवित्रता और अनुशासन का पर्व है छठ पूजा: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर परजुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रहरगोड़ा शिव काली मंदिर में बने छठ घाट,विश्वकर्मा मैदान छठ घाट,गदरा राधा कृष्णा मंदिर छठ घाट, लोको कॉलोनी बिहारी बस्ती छठ घाट का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने गाँधी नगर छठ घाट में विधायक निधि से बन रहे फेवर पथ का निरक्षण किया। साथ ही गदड़ा गांधीनगर में संध्या अर्घ्य में शामिल होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। विधायक ने छठी मइया को नमन कर क्षेत्र वासियों के लिए, सुख समृद्धि की कामना की। वहीं गदड़ा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में निर्मित छठ घाट में विधायक ने सुबह भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर नमन किया। साथ ही उपस्थित सभी लोगो को छठ पूजा की बधाई दी। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात कर क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। विधायक ने घोड़ाबांधा सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच शामिल हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठपूजा सूर्य आराधना के लिए कठिन तपस्या, पवित्रता और अनुशासन का पर्व है। सूर्य देव के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह व जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंह उपस्थित रहे।

# छठ समिति ने किया श्रद्धालुओं के बीच खीर और चाय का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गदरा के कारगिल तालाब में साफ सफाई और सौंदर्यकरण के लिए पूर्व पंचायत समिति के अध्यक्ष विश्वजित भगत का सरानीय योगदान रहा। सोमवार सुबह आस्था के महापर्व छठ पूजा में भगवान भास्कर को अर्घ देने के बाद छठ पूजा घाट समिति के द्वारा सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच खीर और चाय का वितरण किया गया। इस अवसर पर बबलू प्रसाद, राजेश सामंत, पंकज जयसवाल, राजू प्रसाद,श्याम झा,अमित दास, छोटे सरदार, शशि लोहरा,राजन भगत, विवेक गुप्ता,बाबू लेहरी,जीतेन्द्र प्रसाद, विनय सिंह, मुन्ना चौधरी,अमन सामंत,रिशु पाण्डेय, राहुल कुमार,मनीष प्रसाद शामिल रहे।

# 111 सेव लाइफ में तीन दिन मुफ्त इलाज: आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर 111 सेव लाइफ अस्पताल प्रबंधन ने छठ व्रतियों के लिए मंगलवार तक मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराने का एलान किया। अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर ओमप्रकाश आनंद ने बताया आस्था के महापर्व छठ पर्व के दौरान छठ व्रतियो निर्जला व्रत में कभी कभी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनमें से किसी किसी को डिहाइड्रेशन के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। कच्चा पक्का फल वगैरह खाने से दस्त की शिकायत होने की उमीद रहती है। कुछ महिलाओं को ठंड भी लग जाती है। वैसे परिस्थिति में 111 सेव लाइफ अस्पताल प्रबंधन उनका रविवार से मंगलवार तक निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा किसी भी कारण से किसी प्रकार की अनहोनी होने पर मुफ्त प्राथमिक उपचार भी की जायेगी।

### मंत्री आवास पर भगवान भास्कर को 25 सूप से दिया गया अर्घ्य

# मिथिलेश ठाकुर ने की राज्य की सुख-समृद्धि की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित छठ महापर्व में भगवान भास्कर को 25 सूप से अर्घ्य दिया गया। मंत्री के आवास में उनकी भाभी अनीता ठाकुर एवं सासू मां ने छठ महापर्व की थी। मंत्री ठाकुर ने भगवान भास्कर से गढ़वा सहित पूरे राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस महापर्व में मंत्री के सभी परिजन शामिल हुए।

इस मौके पर मंत्री आवास पर प्रसाद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि मंत्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पिछले चार वर्षों से लगातार छठ महापर्व होते आ रहा है। छठ के मौके पर मंत्री आवास का माहौल पूरी तरह से बदल जाता है। पूरा आवास और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बना रहता है। एक सप्ताह पूर्व से ही छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो जाती है। महापर्व में शामिल होने के लिए जिले के सभी अधिकारियों सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध जनों, आमजनों, पार्टी के कार्यकर्ताओं आदि को आमंत्रित किया जाता है। मंत्री आवास पर आयोजित होने वाले छठ महापर्व की अपनी अलग ही रंग होती है। मंत्री ठाकुर सूबे के राजनीति में जिस तरह से अपनी अलग पहचान बनाये हैं , उसी तरह ये धार्मिक कार्यों के आयोजन में भी इनकी अलग पहचान है। वे सभी धार्मिक कार्यों का आयोजन में काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इस महापर्व में मंत्री के सभी परिजन बड़े भाई अमरनाथ ठाकुर, रंजीत कुमार ठाकुर, विनय ठाकुर, चंचल ठाकुर, सुनैना ठाकुर, रोजी ठाकुर, अनीता ठाकुर, सुभद्रा ठाकुर, सत्या ठाकुर, बहन, बहनोई सास, ससुर सभी परिजन, रिश्तेदार शामिल हुए।





अर्घ्य दिलाते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

## मंत्री ने छठ व्रतियों के बीच फल और पूजा सामग्री का वितरण किया




**गढ़वा। (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने छठ महापर्व का मौके पर रविवार को छठ व्रतियों के बीच फल और पूजा सामग्री का वितरण किया। शहर के रंका मोड़ पर घंटाघर के समीप स्टॉल लगाकर फल वितरण किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महान पर्व है। इस महापर्व में भिक्षाटन कर व्रत करने की परंपरा है। छठी मैया छठ व्रतियों की सारी मनोकामना पूर्ण करती हैं। आज के दिन काफी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठन सहित अन्य लोग भी छठ व्रतियों के बीच फल एवं पूजा सामग्री का वितरण करते हैं। मंत्री ठाकुर ने भगवान भास्कर एवं छठी मईया से गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान भास्कर की कृपा से झारखंड उत्तरोत्तर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे। राज्यवासी पूरी तरह से हमेशा खुशहाल बने रहें। मंत्री ने कहा कि छठ मईया हमें ऐसी शक्ति प्रदान करें कि मैं हमेशा छठ व्रतियों की सेवा करता रहूं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय समिति सदस्य परेश तिवारी, शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी ओम प्रकाश गुप्ता, अनिता दत्त, धीरेंद्र चौबे, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, फुज़ैल अहमद सहित काफी संख्या में झामुमो में कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।

## छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पिछले चार दिनों से शुरू हुवा पर्व सोमवार सुबह उदययीमान भगवान भास्कर को अंतिम अर्घ्य देने के पश्चात संपन्न हो गया। जिसमे प्रखंड मुख्यालय के टेढ़की पुल स्थित छठ घाट, थाना समीप गंगा तालाब छठ घाट, सुखडा नदी स्थित छठ घाट सहित भागोडीह, कर्णपुरा, बहियार कला,टंडवा बांकी नदी छठ घाट, गमहरिया, बुल्का और आसपास के गांव में कई छठ घाट पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने 36 घंटे का उपवास रखकर सुख समृद्धि कामना के लिए भगवान सूर्य देव और छठी मैया की विधिवत पूजा अर्चना की और अर्घ्य समर्पित किया। इधर छठ पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन सभी छठ घाटों पर गस्त करती रही इसके पूर्व थाना परिसर में फलाहार का वितरण किया।

## सूने घर में जेवर सहित एक लाख रुपये की संपत्ति चोरी



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गाहिड़ी में रविवार की रात समय लगभग 10 बजे छठ पूजा के दिन चोरों ने जेवर सहित लगभग एक लाख रुपये चोरी कर ली। बताते चलें कि ग्राम गाहिड़ी के स्थानीय निवासी स्वर्गीय राम अवध मेहता के पुत्र अनिल मेहता और सुनील मेहता दोनों भाई अपने सभी घर के सदस्यों के साथ छठ पूजा स्थल पर मझिआंव मेला घाट पर गंगा आरती देखने गये हुए थे। इसी दौरान और चोरों ने सुनसान देख कर घर के सटे हुए झोपड़ी के सहारे छत पर चढ़कर दोनो भाई अनिल मेहता और सुनील मेहता के घरों में घुसकर दरवाजा का ताला तोड़ते हुए बारी बारी प्रवेश किया तत्पश्चात दोनों भाइयों के घरों बक्सा का गुलाबा सहित ताला तोड़कर सुनील मेहता के घर से 50000 नगद कैश और दो पायल जोड़ी दो कंगन जोड़ी नथिया कान वाली तो वही अनिल मेहता के घर से 20000 सहित पायल कंगन नथिया चुराकर पीछे के दरवाजा का सिटकिनी खोलते हुए फरार हो गये। वही दोनों भाइयों अपने सदस्यों के साथ गंगा आरती छठ पूजा स्थल से घर वापस आया तो पाया कि घरों में बक्सा से कागजात इधर-उधर बिखरा पड़ा है तथा दोनों के घरों से जेवर सहित पैसा गायब है इस स्थिति को देखते हुए दोनों भाई और उनके सदस्य रोने लगे।

## रंका में छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी थाना क्षेत्रों में छठ महापर्व पवित्रता पुर्वक भक्ति भाव धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छठ महापर्व के अवसर पर रविवार को संध्या बेला में सभी छठ ब्रती घाट पर पहुंचे और स्नान करके अस्ताचल गामी डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य दिए और रात भर घाट पर भगवान भास्कर के उदियमान होने की आशा में जग कर इंतजार करते रहे और सुबह साढ़े छह बजे छठ ब्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर रंका नदी पूल छठ घाट, रानी बढ़का तालाब घर घाट, गिदियाही नदी छठ घाट, सोनार मुहल्ला छठ घाट रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित रंका, रमकंडा, चिनियां सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में छठ महापर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। छठ महापर्व के अवसर पर रंका थाना पुलिस परिवार की ओर से थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने छठ ब्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्रियो एवं फलाहार का वितरण किया वही झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका अनुमंडल प्रखंड कमेटी ने रंका नदी पूल के पास गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के नेतृत्व में छठ ब्रतियों के बीच छठ पूजा सामग्रियों और फलाहार का वितरण बडे.पैमाने पर किया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रमना (आजाद सिपाही)।** मेराल सड़क दुर्घटनाल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव निवासी शिवनाथ कुशवाहा के 19वर्षीय पुत्र नीरज कुशवाहा की मौत सड़क दुर्घटना में बीती रात हो गयी। खबर के अनुसार टेढ़की पुल स्थित छठ घाट पर मोमोज का दुकान लगाकर रात्रि दस बजे के बाद टेंपू से रमना डेरा में वापस हो रहा था। इसी क्रम में मध्य विद्यालय के समीप अज्ञात वाहन के छोटे आने से बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे गढ़वा ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

## अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न



**कांडी (आजाद सिपाही)।** उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ देने के साथ ही चार दिनों से चल रही छठ महाव्रत की अनुष्ठान सोमवार को समाप्त हुआ। आज सोमवार को पारन करने के साथ ही व्रतियों ने अपनी व्रत को तोड़ा। प्रखंड के सभी भागों में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में छठ महाव्रत सोमवार को समाप्त हुआ। प्रखंड के सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर हजारों की संख्या में छठव्रती पुहंच कर अपना अपना पूजा अनुष्ठान पूरा किये।लगभग दो बजे अपराह्न से ही छठ व्रती सतबहिनी झरना तीर्थ पर पैदल व अपनी छोटी बड़ी वाहन से पहुंचने लगे थे।देखते देखते एक से दो घंटा के अंदर सतबहिनी झरना तीर्थ का पूरा क्षेत्र छठ व्रतियों से भर गया। कही पर भी पैर रखने की जगह नही बची थी। झरना घाटी में स्नान करने व भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के लिए व्रतियों में आपा धापी देखी गयी। पैदल पार पथ पूल पर बहुत भारी भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस व वोलेंटियर्स को काफी मसक्कत करते देखा गया। झरना घाटी से पश्चिम मेला मैदान की ओर जाने वाली रास्ता डेढ़ घण्टा तक वाहनों से जाम रहा। पुलिस व वॉलंटियर्स ने बड़ी मुशिकल से जाम को हटाया। अंचलाधिकारी मोहम्मद अफजल आलम व थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा पुलिस बल के साथ प्रखंड के सभी छठ घाटों का दौरा कर सुरक्षा का जायजा लेते देखे गये। सतबहिनी झरना तीर्थ में स्वंय सेवी संस्था प्रखंड युवा संघर्स सेना के तत्वाधान में गंगा आरती का आयोजन किया गया था।बनारस से पधारे विद्वान पंडितों ने गंगा आरती किए। गंगा आरती देखने के लिए पैदल पार पथ दोनों पूल पर काफी भीड़ देखी गयी। साथ ही सतबहिनी झरना तीर्थ में युवा सेना के तत्वाधान में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया था। लोक कलाकार कुणाल तिवारी व कई अन्य लोक कलाकारों ने भक्ति जागरण प्रस्तुत किये, जिसका हजारों लोगों ने पूरी रात जमकर लुत्फ उठाया।

## छठ व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ महापर्व के अवसर पर एक ओर जंहा सामाजिक संघठन, राजनैतिक दल प्रसाद वितरण में आगे आ रहे हैं वंही दूसरी ओर इस महापर्व के अवसर पर प्रशासन भी पीछे कंहा रहने वाली है। कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर ओपी में भी शनिवार को ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा ओपी परिसर में छठ व्रतियों के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया, उसके पश्चात उन्होंने सभी छठ व्रतियों के माध्यम से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए छठी मइया से आशीर्वाद लिया, वंही रात्रि में पुलिस ने ओपी क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी छठ घाटों पर जाकर निगरानी करते हुए शांति व्यवस्था कायम रखा।

# चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सोमवार को चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने विभिन्न नदी, जलाशय और घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अ?र्घ्य दिया। इसके पूर्व रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया गया था। इधर छठ पर्व को लेकर दानरो नदी तट का दृश्य बहुत ही विहंगम हो गया था। धीरे धीरे उगते भगवान सूर्य को देखकर लोग आहलादित हो रहे थे। लोगों ने एक साथ उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य प्रदान किया। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। दुल्हन की तरह सजे छठ घाट पर रात व दिन का नजारा अनूठा था। दुधिया रोशनी से जगमगाते नदी तट के इस दृश्य को हर कोई देखना चाहता था। वहीं इसे अपने कैमरे में कैद कर लेना चाह रहा था। छठ महापर्व को लेकर गढ़वा में विशेष उत्साह का माहौल था। कठिन तप वाले इस पर्व का हिस्सा बन रहे झारखंड के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का पूरा परिवार भी गढ़वा में आकर छठ व्रत किया।



### क्लबों के योगदान से दुल्हन बने छठ घाट

दानरो नदी तट पर क्लबों और स्वयं सेवी संस्थाओं के योगदान से छठ घाट दुल्हन बन गयी थी। इसमें मुख्य रूप से स्टूडेंट क्लब, फ्रेंडस क्लब, जय देवी संघ, यूनिवर्स क्लब, जागृति क्लब भगलपुर, टी ग्रुप, सहिजना छठ पूजा समिति, सूर्यांश क्लब, सहिजना, शिव संघ करमडीह, सरस्वतीया नदी तट स्थित सूर्या क्लब, भास्कर क्लब, शिव शक्ति, गोल्डेन क्लब, ओम क्लब, गोल्डेन क्लब, इंडियन युवा क्लब, शांति सद्भावना समिति उंचरी, निमिया स्थान घाट पूजा समिति के युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई क्लबों ने निगरानी मंच का निर्माण किया था।

# छठ पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने शुरू किया था: सांसद

### सूर्य भगवान और छठ मइया की महिमा अपरंपार है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा के मेराल प्रखंड के नेनुआ मोड़ सहित कई छठ घाटों पर छठ पूजा महापर्व के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम और वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय सहित गढ़वा जिला के वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के साथ गढ़वा विधानसभा के कई छठ घाटों का निरीक्षण कर सभी छठ व्रतीयों और उनके सभी परिवार वालों को छठ पूजा की बधाई व शुभकामना दीए। **उक्त मौके पर उपस्थित**




**पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सभी छठ व्रतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि :** इस पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था। कहा जाता है कि कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों तक पानी में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि कहा कि यह पर्व पूरी श्रद्धा और बहुत ही साफ सफाई का पर्व है यह पर्व जब भी आता है सभी को कुछ ना कुछ सीखा कर जाता है उन्होंने कहा कि संसार में अगर कोई सबसे बड़ा डॉक्टर है तो वह सूर्य भगवान है सुबह-सुबह उठकर सूर्य भगवान का किरण अपने शरीर पर मिलने से आधा से ज्यादा बीमारी ऐसे ही दूर हो जाती हैं सुबह-सुबह भगवान सूर्य को प्रणाम करने से स्वास्थ्य लाभ मन को शांति जैसे अनेकों लाभ होते हैं।

## अर्घ्य के साथ ही आस्था का महापर्व छठ संपन्न



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव और बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में लगभग सभी गांवों में लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य देने के साथ ही शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस मौके पर विभिन्न छठ पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने नदी तालाब एवं जलाशयों को बड़े ही खूबसूरत ढंग से सजाया। तथा सभी घाटों पर लाइट पंडाल आदि की विधिवत व्यवस्था की गयी। वही इस अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के सूर्य मंदिर छठ पूजा कमेटी के द्वारा दो दिवसीय भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसके अलावा कोयल नदी के धारा में सेतु का निर्माण कर सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित की गयी। जबकि मेला घाट छठ पूजा समिति के द्वारा दो दिवसीय गंगा आरती का आयोजन किया गया गंगा आरती बनारस के विद्वान पंडित एवं आचार्य के द्वारा संपन्न कराया गया। जो बेहद ही आकर्षण का केंद्र रहा।

## मेराल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व



**मेराल (बलराम शर्मा) (आजाद सिपाही)।** सूयोर्पासना का महापर्व छठ प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सोमवार की सुबह में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हुआ। इस दौरान छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्यालय के प्रमुख छठ घाटों में बाजार टोला शिव मंदिर छठ घाट, नेनुआ मोड़ छठ घाट, हॉस्पिटल चौक सरस्वटिया नदी छठ घाट, स्टेशन रोड तालाब छठघाट, मुडल टोला यूरिया नदी छठ घाट के अलावे गोंदा छठ घाट, अकलवानी सूर्य मंदिर छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से ठेकुआ का प्रसाद प्राप्त किया। **नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व :** नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को प्रारंभ हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व के अगले दिन शनिवार को खरना, रविवार को निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखने के बाद सोमवार की प्रात: में सभी व्रती उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात हवन पूजन के साथ ही महाव्रत का समापन हुआ। **थाना प्रभारी ने भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य :** थाना प्रभारी नीतीश कुमार बाजार टोला शिव मंदिर छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जबकि मुड़ल टोला छठ घाट तथा नेनुआ मोड़ छठ घाट पर उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने घर-परिवार तथा थाना क्षेत्र वासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# राज्य में पूर्व में जितनी भी सरकार बनी, जनता की किसी ने नहीं सुनी : मिथिलेश

### 50 से अधिक लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसर टेटूका के पंचायत समिति सदस्य सहित 50 से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। मंत्री ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से संतोष कुमार चंद्रवंशी, बीडीसी संजय कुमार चंद्रवंशी, करेश चंद्रवंशी, डब्लू चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, महेंद्र साह, विजय चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, चुन्नू चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, राम सागर चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, राम अवतार यादव, बली चंद्रवंशी, नंदू चंद्रवंशी, रामचंद्र रजवार, उदय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, रामचंद्र ठाकुर, सीताराम ठाकुर, अनिल चंद्रवंशी, अरविंद ठाकुर, आशीष कुमार रवि, सूरज चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, राजकुमार भुइयां, भूपेंद्र चंद्रवंशी, कुंदन रजवार, पचिया देवी, राजकुमार चंद्रवंशी आदि का नाम शामिल है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग झारखंड की हेमंत सरकार और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बेहतर कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा का तीव्र गति से विकास हो रहा है। ऐसा कार्य इससे पूर्व कभी नहीं हुआ था। मंत्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की चाभी जनता के हाथ में है। जनता तो अपनी सरकार बना कर अपना काम कर देती है, परंतु इससे पहले जितनी भी सरकार झारखंड में बनी, किसी ने जनता की नहीं सुनी।

## आपसी विवाद में मारपीट , पति-पत्नी घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही) ।** सोमवार को थाना क्षेत्र के पतराखुर्द गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पति पत्नी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में श्याम मनोहर प्रजापति व पत्नी अनीता मनोहर घायल हुई हैं। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।बताया जाता हैं कि पड़ोसी से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया।और बात तू-तू-मै-मैं के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई हैं।

## समाज सुधार में एकजुटता अहम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा में केंद्रीय शरीयत संगठन पटना के तत्वाधान में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की ओर से अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण परामर्श बैठक आयोजित की गई। समाज में जागरूकता और सुधार के लिए शरीयत आंदोलन संगठन के सम्मेलन की तैयारी के संबंध में एसोसिएशन के हाजी अफसर कुरैशी ने अध्यक्षीय भाषण में शुरूआत की। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्र विचारक हजरत अल्लामा मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी साहब किबला नाजिम सुप्रीम इंस्टीट्यूशन ऑफ शरिया झारखंड उपस्थित थे। उक्त बैठक में लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा, भंडरा, कैरो, कुडू, किस्को, लोहरदगा और पेशरार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में विद्वान और बुद्धिजीवी उपस्थित थे। इस बीच बैठक की शुरूआत पवित्र कुरान की तिलावत से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज सुधार में एकजुटता अहम है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की बेहतरी हेतु हमें कौमी मिल्लत जरूरी है।

## समाजसेवी ने किया व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

**मनिका (आजाद सिपाही) ।** मनिका प्रखंड के जान्हो पंचायत मे शनिवार को छठ पूजा के शुभ अवसर पर समाजसेवी संगीता कुमारी ने छठ महापर्व मे छठ व्रतियों के बीच 200 लीटर दूध नारियल फल आदि अन्य पूजा सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं के बीच पूजन सामग्री बाटी गई। मौके पर समाजसेवी संगीता कुमारी ने बताया कि पिछले पांच सालों से लगातार समाज सेवा कर रही है। हर साल छठ का मौके पर छठ व्रतियों के बीच फल अन्य पूजा सामग्री का वितरण करते हैं। उन्होंने कहा छठ पूजा के महापर्व पर सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठी मैया की पूजा की जाती है। महिलाएं अपने संतान की लंबा आयु और सलामती के लिए व्रत करती है। हर वर्ष में नदी तालाब खड़े होकर अध्ये दिया जाता है। लगातार 36 घंटे तक बिना खाए पिए उपवास किया जाता है। सूर्य देव का अध्ये देने के साथ ही ये व्रत खोला जाता है।

# 28 को आयेंगे सीएम लोहरदगा में तैयारी तेज

अलग-अलग पंचायत में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरी रूपरेखा तय की गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लोहरदगा आयेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो चुकी है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां पूरी व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तर से भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है।

झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक पंचायतवार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का निर्देश झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के स्तर से दिया गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने अलग-अलग तिथियां में अलग-अलग पंचायत में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरी रूपरेखा तय की है।

सबसे पहले 24 नवंबर को उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान सेन्हा के अलावे अन्य दो पंचायतों में यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद अंतिम रूप से 26 दिसंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेन्हा के अलावा अन्य दो पंचायतों में यह कार्यक्रम आयोजित करते हुए पूरे अभियान का समापन किया जायेगा। मुख्यमंत्री 28 नवंबर को लोहरदगा आयेंगे। इस बात की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की है। झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासनिक तौर पर भी तैयारी की जा रही है। डीसी, एसपी और लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सहित प्रशासन और पुलिस के वरीय पदाधिकारी ने अलग-अलग स्थलों का निरीक्षण भी किया है।


## सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज ने की नयी पहल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** छठ पूजा पर महिला पुरुष समानता एवम कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम विषय पर पोस्टर के माध्यम से आमजनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा लोहरदगा, किस्को एवं कुरु ब्लॉक में छठ पर्व के दौरान पूजा स्थलों पर बैनर पोस्टर लगाकर आम नागरिको को लैंगिक समानता एवं कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों जैसे मुद्दों के ऊपर जागरूक किया गया। लड़कों को भी जागरूक किया गया कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना हैं जहाँ लड़के और लड़किया कदम से कदम मिलाकर चले और किसी तरह की छेड़खानी, छींटाकशी लड़कियों के ऊपर न हो। वे भी भयमुक्त होकर पढाई कर सकें और साथ में रोजगार से भी जुड़ सकें। इसमें लड़को की भूमिका अहम है। पोस्टर में लड़कों द्वारा लड़कियों के लिए छेड़खानी मुक्त समाज बनाने का संकल्प संबंधी संकल्प संदेश ने सबों को प्रभावित किया।

## चंदवा में नाबालिग युवती की हत्या रेलवे पुल के नीचे शव मिला

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा डेम टोली निवासी संतोष उरांव की पुत्री काल्पनिक नाम रिंकी कुमारी उम्र 15 वर्ष घर से छठ घाट के लिए निकली थी। रविवार को शाम लगभग 4:00 बजे अपने घर से छठ घाट देवनद नदी के तट पर जाने को निकली थी जाने के क्रम में मोहल्ले के लड़के के साथ छठ घाट के लिए स्कूटी से गई थी। परंतु छठ घाट से नाबालिक बच्ची वापिस घर रविवार की रात्रि घर नही पहुची तब परिजनो ने बहुत खोज बिन किया फिर भी बच्ची नही मिली। उसके बाद सोमवार की सुबह टोरी लोहरदगा रेलवे ट्रैक में गेरुआगढा ग्राम के पुल के नीचे बच्ची का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी शुभम कुमार के द्वारा सदर बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और थाना ले आई। उसके बाद लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इधर नाबालिक का शव मिलने के बाद चंदवा शहर से डेम टोली के ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में चंदवा थाना आ गए और में गेट पर आकर खड़े हो गए।उसके बाद बच्ची की हत्या करने वाले हत्यारा को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। साथ ही थाना प्रभारी शुभम कुमार और चंदवा के बीडीओ विजय कुमार के द्वारा ग्रामीणों से बात की गई और घटना में शामिल जो लोग भी हैं उसे गिरफ्तार करने की बात कही।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद किया पारण



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचायत के गाँवो मे 04 दिनो से चलने वाला लोक आस्था का महान पर्व 20 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का पारण हो गया है। 19 नवंबर रविवार को प्रखंड के नदी,तालाब,इत्यादि जलाशयों मे श्रद्धापुर्वक ब्रतियों ने भगवान भास्कर की अस्तांचल गामी सूर्य का अर्घ्य दिया वही इस अवसर पर प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने भी ब्रत रख नन्दनी नदी के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय के घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान कर प्रखंड क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि का कामना किया। इस अवसर पर कैरो प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार,थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,एस आई सन्तोष कुमार,एएसआई संजय कुमार राय, डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री,अम्रेण्द्र कुमार,20 सुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,20 सुत्री सद्स्य सह दुर्गा पुजा समिति अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी,मुखिया वीरेन्द्र महली,उप-मुखिया रवि प्रजापति, विनोद महतो, शंभू सोनी, समाज सेवी गंगा प्रसाद, बालेश्वर साहू, रामपवित्र प्रसाद सोनी, डा0 भोला प्रसाद,संजय साहू,नजीर आलम खान,कैरो खुट्टा तालाब छठ पुजा समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू,प्रकाश साहू, प्रवीण पांडेय,भोला साहू,राजा साहू,इत्यादि कैरो थाना के सदल बल के साथ बड़ी संख्या मे गणमान्य ग्रामीण छठ घाठ पर उपस्थित थे।

# विधायक सहित आम लोगों ने मां से मांगी मन्नत

## मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रखंड क्षेत्र के छठ घाट में अर्घ्य देने पहुंचे



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही) ।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह दिन सोमवार की सुबह मनिका प्रखंड क्षेत्र के कई छठ घाट में अर्घ्य लेने को लेकर उपस्थित देखे गए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को मनिका के देवी मंडप छठ घाट में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान विश्वनाथ पासवान गोविंद पासवान बवन पासवान समेत छठ पूजा कमेटी के लोगों ने छठ घाट की समस्या से अवगत कराए , उपस्थित लोगों ने कहा की देवी मंडप छठ घाट की तालाब की सुंदरीकरण करना अति आवश्यक है तालाब की बांध अंदर से टूट गया है जिसके कारण तालाब में जमा पानी बह जाती है जिसके कारण छठ करने वाले छठवृतियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है छठ पूजा कमेटी के लोगों ने यह भी कहा की इस तालाब से कई एकड़ जमीन का सिचाई कार्य की जाती है जो बांध टूट जाने के कारण बाधित हो रही है वही विधायक रामचंद्र सिंह ने छठ पूजा कमेटी के लोगों को अस्वस्थ किए की बहुत जल्द छठ पूजा तालाब की सुंदरीकरण करने का हम प्रयास करेंगे मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव वीरेंद्र बिहारी प्रसाद यादव तस्लीम अंसारी सुरेंद्र भारती रंजीत प्रसाद साहू दिने

## छठव्रतियों ने दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखण्ड के अखिलेश्वर धाम समेत विभिन्न तालाब में सैकड़ो छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। अर्घ्यदान को लेकर पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया और वे पारण किये। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित की आवश्यकता नहीं होती है और न ही मंत्रोचारण की कोई जरूरत है। छठ पर्व में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## भुवन भास्कर को अर्घ्य देने के साथ सेन्हा में चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न



**सेन्हा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** उदयाचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही भक्तिभाव और हर्षोल्लास से साथ सम्पन्न हुआ लोकआस्था का चार दिनी छठ महापर्व. छठ महापर्व के दौरान प्रखंड मुख्यालय के अलावे सीठीयो,बदला, चौकनी,हेसवे,डाँडू,अरु,तोड़ार, बुटी,झखरा,बाँधटोली,चितरी, चन्दकोपा,गगेया,कोराम्बे सहित विभिन्न छठ घाटों में छठ व्रतियों के द्वारा रविवार को शाम में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को तथा सोमवार सुबह में उदयाचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ अर्पण और पूजन किया गया.अर्घ अर्पण तथा पूजन के उपरांत व्रतियों ने सुख,समृद्धि,वैभव के लिये मङ्गल कामना किया। छठ महापर्व के दौरान सुबह शाम सभी छठ घाटों में भक्तों का भारी भीड़ देखने को मिला.इस दौरान छठ गीत से पूरा प्रखण्ड क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था.वही छठ व्रतियों की सुविधा के लिये छठ घाटो में पूजा समितियों द्वारा टेंट लाइट, एवं पूजन सामग्री की व्यवस्था की गई थी. वही सभी छठ घाटों में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रसासन मुस्तैद रही. सोमवार सुबह में पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया. वही छठ पूजा के दौरान ग्रामीणों ने भी साफ सफाई में बढ़ चढ़ कर सहयोग किया गया।

## झामुमो विधायक बैजनाथ राम और लातेहार एसपी की पत्नी ने की सूर्य की उपासना



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झामुमो विधायक बैजनाथ राम और लातेहार एसपी अंजनी अंजान ने छठ पूजा व्रत पति-पत्नी किया जिसके कारण जिले भर में छठ पूजा को लेकर लोगों में काफी आकर्षक और चर्चा का विषय बना रहा है।छठ व्रत का प्रारंभ नहाए खाय के दिन से ही जिले के बड़े बड़े सेलीब्रेटियों द्वारा पूजा किए जाने की खबर काफी चर्चा में रहा, एसपी ने कहा की छठ पर्व सूर्य देव की उपासना का पर्व है,सनातन समाज के लोगों को सूर्य की उपासना जरूर करनी चाहिए।सूर्य की पूजा तो हमारे संस्कार में शामिल है,हमारे समाज में लोग प्रतिदिन सूर्य देव को जल देने के बाद ही अपने दिन की शुरूआत करते है, विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा की हमारे समाज में लोग छठ पूजा नही किए तो क्या किया,सूर्य है तो जीवन है,पृथ्वी पर जन जीवन सूर्य देव की कृपा के बिना संभव नहीं है। चंदवा में बीडीओ , सीईओ और थाना प्रभारी ने घाट पर घूम घूम कर कानून व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे,यही स्थिति सभी प्रखंडों में अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए काफी चौकन्ने थे।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुसैनाबाद में छठ पर्व संपन्न

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** छठव्रतियों द्वारा सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भाष्कर की अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न हो गया। छठव्रतियों ने परिजनों व समाज की सर्व मनोकामना पूर्ण की कामना की। इसके पूर्व रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस दौरान शहर के जेपी चौक भगवान भाष्कर छठघाट, नहर मोड़जमुहरी माई छठघाट, पंच मन्दिर सरोवर छठ घाट के अलावा देवरी, दंगवार, बड़ेपुर, बुधुआ, सोन नदी, कररबार नदी स्थित छठ घाटों व झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित गजानन माता धाम परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ी। छठ घाटों पर स्थानीय पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उतरी जिप सदस्य राजू मेहता, भाजपा नेता



बिनोद कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, अशोक सिंह, योगेंद्र सिंह, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी टूटू सिंह, कृष्णा बैठा, धनंजय तिवारी आदि ने भ्रमण किया। क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। जेपी चौक छठपोखरा घाट पर मंदिर सहयोग हेतु प्रेमतोष सिंह ने भिक्षाटन किया। पंच मन्दिर सरोवर छठ घाट पर विनय सिंह यादव,भोला विश्वकर्मा, संजय कुमार, गोडेन, शिवशंकर, नहर मोड़ पर अजय प्रसाद गुप्ता,मुन्ना कुमार देव,निर्मल यादव, समेत समिति के लोग सक्रिय रहे।

## महापर्व छठ पूजा महुआडांड़ में संपन्न

**महुआडांड (आजाद सिपाही) ।** सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा महुआडांड़ मे भक्तिमय वातावरण मे पूरे हर्षोल्लास से मनाई गई । चहूं ओर आस्था के भाव का नजारा था। लोग भगवान भाष्कर के श्रद्धा का अर्ग अर्पित कर रहे थे। छठ गीतों की स्वर लहरियां रोमांचित कर रही थीं। अनुभूति ऐसी की व्रती अपना तन मन समेत सर्वशः भगवान भाष्कर के चरणों में अर्पित कर उन में तल्लीन थे। इस पावन अवसर पर महुआडांड़ स्थित रामपुर नदी छठ घाट , नकटी नदी छठ घाट , बोहटा नदी छठ घाट, चटकपुर स्थित बुढा नदी छठ घाट, हामी नदी छठ घाट, राजडण्डा नदी छठ घाट, नेतरहाट स्थित छठ घाट आदि छठ घाटों पर छठ व्रतीयों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर सुख शांति की कामना की। छठ पूजा विधि संधारण को लेकर महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, बीडीओ अमरेन डांग, प्रभारी थाना प्रभारी प्रभारी रतन टुडू, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान के नेतृत्व मे पुलिस बल पुरी तरह से मुस्तैद थे। वही हिन्दू महासभा की ओर से इस बार भी हजारो की भारी संख्या मे शामिल श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के जिला संयोजक सुरज प्रसाद, उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बिजय जायसवाल, अजय प्रसाद, संदीप कुमार, दिलीप प्रसाद, मनोज गुप्ता, प्रशांत सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा ।

## टीम सूर्या के बैनर तले गांवों में हुआ पूजन सामग्री और फल का वितरण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही) ।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर हर साल की तरह इस वर्ष भी टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में फलाहार का वितरण किया गया। जिन गांव में वितरण किया गया उसमे हुसैनाबाद के जयप्रकाश चौक जपला,गईता पोखरा, नहर मोड़ जपला, दंगवार,देवरी,महुदंड,अमही,इमलिया टिकर,डंडीला,पथरा,पोलडीह,मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज बाजार,कादल, हैदरनगर के शिवालापर ,कोइरी मोहल्ला हैदरनगर,दीवान बीघा, कुकही,सड़ेया,कबरा,परता,बभंडी समेत क्षेत्र के कई अन्य गांव शामिल है।

# बरवाडीह में लोक आस्था का महापर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** चार दिनों तक चले लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार की सुबह उगते सुर्य को अर्ग देने के साथ सम्पन हो गया जहां सैकड़ो की संख्या में छठवर्तियों के द्वारा आदर्श नगर छठ घाट ,धड़धडी नदी छठ घाट, मंगरा छठ घाट, देवरी छठ घाट, अमडीहा छठ घाट समेत अन्य छठ घाट में रविवार की शाम और सोमवार की सुबह पूजा अर्चना करते हुए भगवान भास्कर को अर्ग देने का काम किया गया। उधर छठ पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाट में स्थानीय समितियां के द्वारा वर्तियों की



न्यूयॉर्क में छठ पूजा उत्सव में शामिल महिलायें ।

सुविधा को लेकर साफ सफाई, सजावट, रोशनी, व्यापक प्रबंध किए गए थे।

**देवरी में गंगा आरती का हुआ आयोजन :** प्रखंड क्षेत्र केचपरी मार्ग स्थित देवी छठ घाट में डूबते सूर्य को अर्ग देने के बाद छठ पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा आरती का आयोजन कराया गया जिसमे स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद भी शामिल हुए।

**जीप सदस्य और पूर्व जीप सदस्य ने किया छठ :** प्रखंड क्षेत्र में आस्था के महापर्व छठ को सैकड़ो की संख्या मे छठवर्तियों द्वारा किया गया वही इसके साथ पश्चिमी क्षेत्र की वर्तमान जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, और पूर्व जिला परिषद सदस्य विधायक रामचंद्र सिंह की पत्नी इंदु देवी ने भी अपने नजदीकी छठ घाट में आस्था के महापर्व को किया।

**विदेश में मौजूद बरवाडीहवासियो ने भी किया विदेश में छठ :** आस्था के महापर्व छठ का उत्साह बरवाडीह के साथ बरवाडीह में जन्मे और विदेश में रह रहे कई लोगों ने भी छठ पर्व को विदेश में रहकर किया। थाना के समीप निवासी रिटायर शिक्षिका प्रेमा डूबे की बेटी प्रज्ञा प्रियम ने न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी में बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के माध्यम सें आयोजित छठ पूजा उत्सव में शामिल होकर छठ पर्व को किया, प्रज्ञा ने बताया की घर सें दुर होने के बाद भी छठ पर्व अपनी सभ्यता संस्कृति और आस्था से हम सब को यहां भी जोड़े रखने का काम करता हैं जहाँ बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के द्वारा आयोजित छठ उत्सव में दर्जनों छठ वर्ती छठ करते हैं

# जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए युवाओं की टीम रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 15वें आदिवासी युवा आदान- प्रदान कार्यक्रम 2023-24 की शुरूआत लोहरदगा से की गई। जिसमें जनजातीय समाज के 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को चैन्नई में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहाँ पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए



जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता व एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा।

# छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## स्कूटी सवार को बचाने में नहर में गिरी कार तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शराब के नशे में धुत स्कूटी सवार को बचाने के दौरान सोमवार की शाम एक कार टोटो नहर में पलट गई। नहर में पानी नहीं था। फिर भी नहर में कार के पलटने से उस पर सवार रांची निवासी उदय कुमार वर्मा, अमित सोनी और नवीन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल नवीन के अनुसार शराबी स्कूटी सवार को बचाने के लिए कार का स्टेयरिंग बांए की ओर घुमाया तो नहर में कार गिर कर पलट गया। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को कार से बाहर निकाला गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर से प्राथमिक उपचार के बाद उदय कुमार वर्मा और अमित सोनी को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## ओवरटेक करने में दो कार के बीच भिड़ंत, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-रांची नेशनल हाईवे में भरदा गांव के समीप ट्रेलर को ओवर टेक करने के दौरान दो कार के बीच सीधी भिडंत हो गई। इस कार दुर्घटना में डुमरला निवासी कुश महतो, उसके पिता उदित महतो और भरनो निवासी गणेश महतो घायल हो गए। तीनों एक कार्यक्रम में गुमला से रांची की ओर जा रहे थे जबकि एक सीजी नंबर का कार रांची से गुमला की ओर आ रही थी तभी रविवार की देर शाम भरदा गांव के समीप ओवरटेक करने के दौरान दोनों कार में सीधी टक्कर हो गई। अरंगी से छापामारी कर लौट रहे वन विभाग के अधिकारी शेखर सिंह और चालक विल्सन किंडो अपने वाहन से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। गणेश महतो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## आपसी विवाद में की हत्या



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत केराटोली में बीती रविवार शाम में आपसी विवाद के कारण हत्या कर दिया था, उसी संबंध में सोमवार को थाना में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते एसडीपीओ विकाश आनंद लंगुरी ने बताया की वादिनी सरस्वती देवी पति महलू खडिया ( मृतक ) उम्र करीब 28 के पति को वही गाँव के भैयादी चचेरा भाई सहरू खडिया उम्र करीब 35 वर्ष मंगलू खडिया द्वारा मृतक महलू खडिया उम्र करीब- 28 वर्ष को अभियुक्त के पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के शक था । अभियुक्त गाँव के मुर्गा - मुर्गी को पकड़ कर मारके खा जाता था इसी बात को लेकर मृतक अभियुक्त सहरू खडिया के पास बोलने के लिए उसके घर गया था । बात - चीत के दौरान दोनों के बीच बहस हो गया जिससे अभियुक्त ने अपने घर धारदार हथियार टांगी निकालकर मृकत महलू खडिया के सिर मे वार किया जिससे मृतक का सिर कट गया एवं गंभिर रूप से जख्मि होने के कारण खून बहने लगा और घटनास्थल पर ही मृत्यू हो गया।

## ब्राह्मण टोली देवी मंदिर में भंडारा का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्राह्मण टोली देवी मंदिर में मंगलवार को पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए सुशील कुमार होता पप्पू ने बताया कि दिन के ग्यारह बजे से पूजा कार्यकम है उंसके उपरांत संध्या 7 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी लोगो से सपरिवार पूजा एवं भंडारा में शामिल होने की अपील की है।

## भरनो में छठ हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**भरनो (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड क्षेत्रों में छठ महापर्व का त्यौहार हर्षोल्लास भक्ति में माहौल में संपन्न हो गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से प्रखण्ड के भरनो बस्ती स्तिथ छठ तालाब घाट एवं अन्य नदी घाटों जलाशयों तालाबों में तथा लोगों ने अपने घरों में भी भगवान भगवान भवन भास्कर की पूजा अर्चना की और अस्ताचलगामी सूर्य तथा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। चार दिवसीय शक्तिशाली मनोकामना हेतु,भुवन भास्कर सूर्य देव की उदायमान होने के पश्चात,छठ व्रतियों द्वारा,अर्घ्य प्रदान के बाद,छठ पर्व खुशी पूर्वक सम्पन्न हो गयी।

## हर्ष व भक्ति भाव के साथ दिया गया भगवान भास्कर को अर्घ्य

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सूर्योर्पासना का महापर्व उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ भक्तिभाव से सम्पन्न हो गया। गुमला शहरी क्षेत्र में सिसई रोड छठ तालाब मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं छठ व्रतियों ने नागफेनी छठ घाट, वन तालाब, मुरली बगीचा तालाब, खटवा नदी घाट आदि स्थानों में डूबते व उगते सूर्य को अर्घ दिया। रायडीह के नवागढ़ पतराटोली में गंझू तालाब में छठ व्रतियों ने व्रत किया।यहाँ कुल्हड़ में चाय और अलाव की व्यवस्था की गई थी।इसी तरह मांझाटोली शंख नदी घाट में इस वर्ष रिकार्ड छठ व्रतियों की संख्या और श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।नदी की स्वच्छ निर्मल कलकल बहती शीतल जल



और उत्तम जगह व्यवस्था के साथ चौकस सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण गुमला शहर और लोदाम(छत्तीसगढ़) से भी श्रद्धालु छठ व्रत करने पहुंचे हुए थे। छठ घाट में केले पत्ते के स्तम्भ गाड़े गए थे और फूलों की लरियों ,मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। डीजे साउंड पर बज रहे छठी मईया के भक्ति ने वातावरण को भक्तिमय बना रखा था।बच्चे बम, पटाखे,फुलझड़ी छोड़ने में व्यस्थ दिखे। महिला व्रतियों के सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया था।उनके लिए वस्त्र बदलने के हेतु चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई थी। विधि व्यवस्था संधारण में रायडीह बीडीओ अमित मिश्रा और रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घाट में उपस्थित थे। अधिकारीयों ने भी भगवान भुवन भाष्कर को अर्घ्य दिया।

## लैंगिक समानता और कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों से कराया जागरूक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा बसिया प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में छठ पर्व के दौरान बैनर पोस्टर लगाकर आम नागरिको को लैंगिक समानता एवम कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों जैसे मुद्दों के ऊपर जागरूक किया गया। लड़कों को भी जागरूक किया गया। इन पोस्टरों के माध्यम से लोगों को बताया गया कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना हैं जहाँ लड़के और लड़किया कदम से कदम मिलकर चले और किसी तरह की छेड़खानी , छींटाकशी लड़कियों के ऊपर न हो। वे भी भयमुक्त होकर पढाई कर सकें और साथ में रोजगार से भी जुड़ सकें। पोस्टर में लड़कों द्वारा लड़कियों के लिए छेड़खानी मुक्त समाज बनाने का संकल्प संबंधी संकल्प संदेश ने सबों को प्रभावित किया। इस जागरुकता के तहत अनेकों किशोर किशोरियों,महिला एवम पुरुष को जागरूक किया गया।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कामडारा की सुरहु पंचायत पहुंची



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के सुरहु पंचायत के गाड़ा सरना मैदान में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को कामडारा प्रखंड के सुरहु पंचायत पहुँची। जहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला के एल आर डीसी, शेखर कुमार,बसिया एस डी ओ जयवंती देवगम, बीडीओ निशा तिर्की,सीओ सुप्रिया एक्का, जिला परिषद दिपक कंडुलना , प्रमुख सुनिल सुरीन,रौशन बारवा, उपस्थित रहे। एल आर डीसी शेखर कुमार के द्वरा सुरहु पंचायत के मुखिया सुरेन्द्र तिर्की को पंचायत में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99% से अधिक कार्य पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुखिया श्री तिर्की ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम कामडारा प्रखंड के सुरहु पंचायत में हो रहा है वही अभिनंदन पत्र मिलने को उन्होंने सौभाग्य की बात बताए। साथ ही कहां की सुरहु पंचायत डिजिटल कॉन्सेप्ट में हमेशा सबसे आगे रहेगा। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की स्वाधीनता को स्मरण कर आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया गया।

## नागफेनी घाट में छठव्रतियों को करना पड़ा कठिनाई का सामना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह और थाना प्रभारी विनोद कुमार ने शनिवार की देर रात गुमला के विभिन्न छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम नागफेनी स्थित छठ घाट का मुआयना किया। जहां व्यवस्था को देखकर नाराजगी जाहिर की। वही नागफेनी छठ पूजा समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दे की नागफेनी छठ घाट में हजारों की संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने आते हैं लेकिन इस बार नदी का जलस्तर कम है जिससे छठ व्रतियों को पूजा करने में असुविधा होगी। वही नदी के बहते पानी को रोकने का कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। जेसीबी के माध्यम से चट्टानों को तोड़कर सड़क बनाया गया जिससे छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पैदल चलने में काफी परेशानी होगी। इसके अलावा नागफेनी छठ घाट में भारी भीड़ होती है जबकि छठ व्रतियों के लिए जगह कम पड़ रही है जिसकी समुचित व्यवस्था छठ पूजा समिति के पदाधिकारी द्वारा नहीं की गई थी। निरीक्षण के क्रम में एसपी सिसई रोड स्थित छठ तलाब पहुंचे। जहां छठ तालाब को दुल्हन की तरह सजाया गया है इससे एसपी काफी प्रभावित दिखे। इस बार सूर्य भगवान की प्रतिमा छठ तालाब के बीच में स्थापित की जाएगी वहीं छठ तलाब में आकर्षक लाइट लगाया गया है। इसके बाद एसपी वन तालाब पहुंचे जहां छठ पूजा को लेकर सारी व्यवस्था कर ली गई है।

## अंजुमन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा छठ घाट, छठव्रतियों को दी बधाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** छठव्रतियों का स्वागत करने के लिए अंजुमन इस्लामिया के सदर अधिवक्ता मुशाहिद आजमी पम्मू अंजुमन प्रतिनिधि मंडल के साथ सिसई रोड स्थित छठ घाट पहुंचे। छठ घाट पहुंचकर कर उन्होने छठ तालाब आयोजन समिति के द्वारा की गई अच्छी सजावट और बेहतरीन व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छठ घाट का आकर्षण आज देखने योग्य है। आगे कहा कि गुमला हमेशा से आपसी सौहार्द की मिसाल कायम करता आया है। यहां हर त्यौहार हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी आपस में मिलकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस मिसाल को कायम रखते हुए अपनी पूर्वजों की परंपरा को निभाना है। हर पर्व त्यौहार आपसी भाईचारा, सहयोग और एकता का संदेश देता है। कोई भी मजहब नफरत करना नहीं सिखाता।

## बाल विवाह मुक्त ग्राम सभा का किया गया आयोजन




**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड स्थित हरिहरपुर राजस्व ग्राम में सोमवार को बाल विवाह मुक्त ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड प्रशासन की अहम भूमिका रही प्रखंड वीडियो रेशमा रेखा मिंज ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर लोगों से कहा आपके द्वारा की गई पहल काबिले तारीफ है बाल विवाह होने से कई प्रकार की कठिनाइयां सामने आती है वही ग्रामीणों ने गांव में पोस्टर चिपका कर बाल विवाह का विरोध किया वहीं लोगों ने बाल विवाह नहीं करने की शपथ भी ली। वहीं उपस्थित ग्राम वासियों ने शपथ लेते हुए कहा गांव में बाल विवाह रोकथाम के लिए पूरी तरह से प्रचार प्रसार किया जाएगा बावजूद अगर किसी गांव में बाल विवाह होता है तो उस विवाह में कोई भी ग्रामीण शामिल नहीं होगा और बाल विवाह का विरोध करते हुए इसकी जानकारी स्थानीय थाना को भी दी जाएगी। वहीं लोगों को जागरूक व शिक्षित किया जाएगा। किसी भी हाल में क्षेत्र में बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद हरहरपुर गांव को बाल विवाह मुक्त घोषित कर दिया गया। यह कार्यक्रम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सौजन्य से हुआ।

## मेला सह जादूगरनी फैमिली शो का शुभारंभ

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुटो रोड में लगे क्राफ्ट बाजार मेला सह जादूगरनी फैमिली शो का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, भाजपा नेता अशोक उरांव, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वही एस के रानी जादूगरनी द्वारा कई तरह के जादुई खेल दिखाया गया। वही क्राफ्ट बाजार मेला में कई दुकान सजी। जिसमें बच्चो के खेलने के समान के साथ साथ लोहे, कपड़े के कई दुकान लगाया गया। वही बच्चो के लिए जम्प, झूला भी लगाया गया। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि क्राफ्ट बाजार मेला जादूगरनी फैमिली जो लगाया गया है। उसका सभी शांतिपूर्वक लुफ्त उठाएं आपके गांव शहर में यह लगाया गया है। आप सभी सहयोग करें ताकि यह लोग कुछ और बेहतर करें। किसी भी तरह की परेशानी आयोजक समिति को हो तो पुलिस को सूचना दे।

## नाबालिग के साथ युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** के बॉक्साइट माइन्स में चलने वाले बॉक्साइट ट्रक के चालक कलिंद्र कच्छप एंव उसके दोस्त ने एक सप्ताह पूर्व घाघरा प्रखंड थाना क्षेत्र की एक नाबालिक युवती को अपने ट्रक में बैठ कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में पीड़िता ने बिशुनपुर थाना में आवेदन दे कर बताया कि बगडू निवासी कलिंदर कच्छप उसके घर के पास रहता था। जिस कारण पूर्व से वे दोनों परिचित थे उन्होंने बताया कि पिछले दीपावली में अपने नानी के घर बनारी आई हुई थी। इसी बीच कलिंदर ने फोन कर नाबालिक युवती को बॉक्साइट माइन्स घूमने के बहाने शाम में अपने ट्रक में बैठा लिया। अपने दोस्त चिंगरी नवा टोली निवासी इनामुल एक्का को गाड़ी चलवाने लगा और अपने नाबालिक युवती के साथ चलती गाड़ी में कई बार दुष्कर्म किया। घटना के बाद बार-बार ट्रक चालक को युवती बनारी छोड़ने की गुहार लगा रही थी परंतु वह नहीं छोड़ रहा था। इस बीच चालक के द्वारा युवती के साथ मारपीट भी किया गया। फिर भी जब युवती नहीं मानी तो उसने दोस्त इनामुल को बोला कि वह युवती को उसके नानी घर बनारी तक छोड़ दे। इस बीच कुजाम से लड़की को छोड़ने आने के दौरान इनामुल ने भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों के द्वारा तत्काल बिशुनपुर थाना में लिखित शिकायत दिया गया।

## आजसू की बैठक में हुई 2024 के चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बांदा मेला मैदान में आजसू पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रभारी पंचायत समिति सदस्य कृष्ण उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व निर्णय लिए के अनुसार पंचायत कमेटी गठन करने के लिए किया गया था। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बोनीफांस कुजूर जिला सचिव सद्दाम हुसैन महिला प्रखंड अध्यक्ष माधुरी एक्का उपस्थित हुए। बैठक में केंद्रीय सदस्य ने संबोधित करते हुए कहा कि गुमला विधानसभा में वर्तमान विधायक सिर्फ बरगलाकर चुनाव जीते और 4 साल बीत जाने के बावजूद भी अभी किसी भी गांव पंचायत में दर्शन देने नहीं आते हैं । जिससे आम जनता काफी नाराज है इसका खामियाजा स्थानीय विधायक को 2024 के विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा चुनाव से पहले वर्तमान सरकार अनेकों वादे किए थे। लेकिन एक भी वादा में खरा नहीं उतरे सरकार बनने से पहले तरह-तरह की घोषणा किया गया । महिलाओं को 50% आरक्षण नौकरी में दीया जायेगा बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता स्थानीय नियोजन नीति अनेक प्रकार का घोषणा करके सरकार में आए लेकिन सभी घोषणा कोरा कागज साबित हो रहा है इसलिए गुमला विधान के तमाम जनता से आग्रह करते हैं की आने वाला 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी का हाथ को मजबूत करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को मुख्यमंत्री बनने के लिए गुमला विधानसभा सीट में आजसू पार्टी को जिताने का काम करें जिससे झारखंड का विकास हो सकता है क्योंकि झारखंड लेने मेंआजसू पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहा आजसू के नौजवानो के दिन है कि आज झारखंड अलग हुआ है लेकिन नेता और नियत सही नहीं रहने के कारण झारखंड विकास नहीं कर रहा है आजसू के पास सुदेश जैसा साफ सब छवि के नेता है और नियत भी सही है इसलिए झारखंड विकास होगा तो आजसू पार्टी के हाथ से होगा इसलिए आप लोग से आग्रह है कि एक बार सहयोग दें और आजसू की नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें ।

## कांग्रेसियों ने मनायी इंदिरा गांधी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रविवार को परिसदन भवन गुमला में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि देश की कई दिग्गज महिलाएं हैं जो नारी शक्ति की मिसाल हैं। इन महिलाओं का जीवन हर किसी के लिए एक प्रेरणा है। आज के दौर में स्त्री को शिक्षा हासिल करने, सपने देखने, करियर बनाने और आर्थिक तौर पर सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करने वाली इन्हीं महिलाओं की सूची में एक नाम इंदिरा गांधी का है। इंदिरा गांधी देश की पहली और इकलौती महिला प्रधानमंत्री हैं।इंदिरा गांधी आजाद भारत की पहली महिला जिन्होंने सरकार बनाई और पूरे भारत का नेतृत्व किया। आजादी के 76 साल में इंदिरा गांधी के बाद से अब तक देश को कोई महिला प्रधानमंत्री नहीं मिली। बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में बहुत दमदार फैसले लिए, जिन्होंने पूरे देश में क्रांति ला दी थी। जवाहरलाल नेहरू की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए इंदिरा गांधी ने 'गूंगी गुड़िया' के तमगे को हटाया और दमदार महिला के रूप में खुद की पहचान बनाई1966 में भारत में महज 500 बैंक शाखाएं थीं। बैंकों का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया। उनका यह फैसला देश के विकास में महत्वपूर्ण रहा, ।मौके आशिक अंसारी, मानिकचंद साहू, सुधीर कुजूर, हंदू भगत, फिरोज आलम, खालिद साह, कलाम आलम तरुण गोप, बेलसाजर मिंज,सदाब अंसारी, संजय गोप,पवन केवट, साहेब वंशीम, इबरार अंसारी, मो सदाब, अरुण कुमार, सहीम वारसी, जयंती टोप्पो,काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोविड काल की प्रोत्साहन राशि से अभी तक वंचित हैं सहिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** तेलंगा खड़िया स्टेडियम में जिला स्वास्थ्य संघ का जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। किसकी अध्यक्षता सहिया संघ की जिला अध्यक्ष सैयदा खातून ब कोषाध्यक्ष रेखा देवी ने की। इस बैठक में पांच प्रखंड की सहिया उपस्थित हुई। बैठक में गुमला, रायर्डीह, चैनपुर, पालकोट, बसिया की सहिया बहने अपनी समस्याओं पर चर्चा की। जिसमे मुख्य रुप से कोविड 19 में सहिया बहनो द्वारा जान जोखिम में डाल कर लोगों को सेवा प्रदान किया गया। लेकिन विभाग द्वारा कहीं भी सहिया बहनो को कोई भी प्रोत्साहन राशि नही दी गई। इनकी मेहनत को नजर अंदाज किया जा रहा है। सदर अस्पताल गुमला में साहियाओं के लिए कोई भी रेस्ट रूम न होने के कारण सभी स्वस्थ्य कर्मी बहने इधर उधर जमीन पर सोने पर मजबूर रहती हैं।

अगर प्रशासन सहिया बहनो की समस्याओं को ध्यान नही देगी तो फिर सहिया आन्दोलन करेंगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव जानकी तिर्की, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, रोपनि देवी, करुणा देवी, सुषमा देवी, महामुनि देवी, बिंसरी देवी, जयंती देवी मनुदेवी देबी,सुखमणि देवी, दीपिका मिन्ज, लीला खालको सुषमा देवी, सुभद्रा देवी निर्मला मधु किंडो, मलती देवी, दशमी लकड़ा, संगीत देवी शिरोमणि देवी सहित अन्य सहिया बहनें उपस्थित थी।

**आस्था : छठ घाटों पर उमड़ पड़ा आस्था का जनसैलाब**

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही छठ महापर्व संपन्न

आजाद सिपाही टीम

**हुसैनाबाद/सतबरवा/छतरपुर।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को संपन्न हुआ। इसके पूर्व रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। शहर के जेपी चौक भगवान भाष्कर छठघाट, नहर मोड़जमुहरी, पंच मंदिर सरोवर के अलावा देवरी, दंगवार, बड़ेपुर, बुधुआ, सोन नदी, कररबार नदी स्थित छठ घाटों व झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित गजानन माता धाम परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर भक्ति व उल्लास का माहौल था। छठ घाटों पर पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, उतरी जिप सदस्य राजू मेहता, भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह, योगेंद्र सिंह, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी टूटू सिंह, कृष्णा बैठा, धनंजय तिवारी आदि ने भ्रमण किया। क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की गयी। जेपी चौक छठपोखरा घाट पर मंदिर सहयोग के लिए प्रेमतोष सिंह ने भिक्षाटन किया। पंच मंदिर सरोवर छठ घाट पर विनय सिंह यादव, भोला विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, निरंजन प्रसाद, वीीरेंद्र कुमार, मुकेश, राजेश, शैलेश छठपोखरा घाट पर दिनेश प्रसाद कश्यप, अशोक कश्यप, लोकनाथ केशरी, संतोष, पंकज, दीकू, कल्लू, रंजीत, पप्पू, मनोज शर्मा, संजय कुमार, गोडेन, शिवशंकर, नहर मोड़ पर अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना कुमार देव, निर्मल यादव समेत समिति के लोग सक्रिय रहे। छठ घाट पर आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, बजरंगी अखाड़ा, ऑल यूथ क्लब, आरएसजी टेन ग्रूप, नवयुवक संघ, अखंड ज्योति नवयुवक संघ आदि ने स्टॉल लगाकर व्रतियों की जरूरत की चीजों की सेवा में सक्रिय दिखे।

दूसरी ओर, **सतबरवा** के रामघाट एवं लक्ष्मण घाट समेत प्रखंड के रेवारातु, बोहिता, धावाडीह पोंची, दुलसुलमा, बकोरिया के छठ घाट पर सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने से साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न हो गया। इस दौरान छठ घाट पर पारंपरिक गीत गूंजते रहे। वहीं, घाट पर समिति के सदस्यों के अलावा कई समाजसेवी और बुद्धिजीवियों ने पूजा सामग्री और फलाहार वितरण किया। सतबरवा के लक्ष्मण घाट पर टेंट, लाइट, डेकोरेशन और साउंड की पूरी व्यवस्था छठ पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन प्रसाद और नवयुवक संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। वहीं, रामघाट में छठ घाट पर टेंट ,लाइट एवं डेकोरेशन की सारी व्यवस्था राष्ट्रीय जय जवान संघ आदि की ओर से किया गया।







## छतरपुर के मंदेया नदी छठ घाट पर गंगा आरती का अद्भुत नजारा

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में भी छठ पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। वहीं, नगर पंचायत क्षेत्र स्थिति सूर्य मंदिर मंदेया नदी छठ घाट पर वाराणसी से आये पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदेया नदी में गंगा आरती का आनंद लेने वाले हर शख्स ने एक ही बात कही कि यह नजारा अद्भुत था। बता दें कि रविवार शाम को अस्ताचलगामी और सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर लोक आस्था का यह पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। दूसरी ओर, स्टार कल्ब एव फ्रेंडस क्लब के सदस्यों ने भक्ति जागरण का भी आयोजन किया था।**

# झोला छाप डॉक्टर ने ले ली महिला और नवजात की जान

**आरोप : डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान काट दी थी महिला की नस**

- आरोपित चिकित्सक चलाता है अवैध निजी क्लीनिक
- ग्रामीणों ने शव के साथ क्लिनिक के समक्ष किया प्रदर्शन, दिया धरना
- मामला पलामू के रेहला थाना के डंडीला कला गांव का

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के एक अवैध निजी क्लीनिक के संचालक झोला छाप डॉक्टर ने महिला और उसके नवजात बच्चे की जान ले ली। आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन किया और नर्सिंग होम के मुख्य द्वार पर शव के साथ धरना पर बैठ गये। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनद, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार धरनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर धरना समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार डंडीला कला गांव निवासी विनय राम की पत्नी सोनी देवी गर्भवती थी। विगत 27 अक्तूबर को सोनी देवी को प्रसव पीड़ा हुआ। जिसके बाद परिजनों ने नजदीक के जे पी नर्सिंग होम में उसे भर्ती कराया। जहां नर्सिंग होम के संचालक अलाउद्दीन अंसारी और उनकी पत्नी शबीना प्रवीन ने उसका ऑपरेशन कर प्रसव कराया। प्रसव के एक सप्ताह बाद जच्चे बच्चे को घर ले जाया गया। लेकिन कुछ दिन बाद ही जच्चे बच्चे दोनो की तबियत बिगड़ने लगी। दीपावली के दिन 12 नवंबर को परिजन फिर जच्चा बच्चा को लेकर नर्सिंग होम गए, लेकिन अलाउद्दीन अंसारी और उनकी पत्नी शबीना प्रवीन ने इलाज करने से मना कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें जाति सूचक शब्द कह कर अपमानित करते हुए धक्का देकर भगा दिया गया। इसी दौरान 12 नवम्बर की रात में बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने बच्चे का दाह संस्कार किया। इसी बीच सोनी देवी (32) की तबियत ज्यादा बिगड़ गई और अंततः उसने भी शनिवार की रात को दम तोड दिया। रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ प्रदर्शन किया और नर्शिंग होम के मुख्य द्वार के सामने धरना पर बैठ गए। ग्रामीण आरोपी डॉक्टर दंपती की गिफ्तारी और मुआवजा की मांग कर रहे थे। इसी बीच आरोपी दंपती नर्सिंग होम से फरार हो गया। पुलिस निरीक्षक प्रियंका आनंद ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आरोपी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेजा। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस नर्सिंग होम में गलत इलाज के कारण पहले भी दो लोगों की जान जा चुकी है। जिसके कारण इस नर्सिंग होम को पलामू सिविल सर्जन द्वारा कुछ माह पहले ही सिल कर दिया गया था। लेकिन आरोपी दंपती अपने आवासीय परिसर में फिर से ऑपरेशन शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी निजी क्लीनिकों की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय समाजसेवी गोपाल राम, पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, नरेन्द्र राम गुड्डू, शत्रु कुमार, उपेंद्र कुमार, सोनू कुमार, अखिलेश कुमार, सतदेव राम, गुड्डू कुमार, हरि लाल कुमार, भोला राम, नंदू राम, वीरेंदर राम, विश्वनाथ राम, महेंद्र राम, धर्मेंद्र कुमार रवि, राजू राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुआं में डूबने से दिव्यांग की मौत



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के रबदा गांव में कुएं में डूबने से रविवार की रात 55 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान बलराम सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बलराम सिंह छिपादोहर थाना के गाड़ी गांव का रहने वाला था। दोनों आंख से दिव्यांग था। वह छठ पूजा के दिन अपने मामा फणेश्वर सिंह के घर रबदा आया हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि रात में खाना खाकर आराम कर रहा था। इसी बीच शौच करने निकाला था। दोनों आंख से दिखाई नहीं देने के कारण बगल के खेत में बने कुएं में गिर गया, जिससे डूबने से मौत हो गई। हालांकि डूब रहे बलराम ने बचाने के लिए लोगों से मदद भी मांगी। लोग मदद को दौड़े भी, लेकिन रस्सी लेकर पहुंचने से पहले बलराम सिंह ने दम तोड़ दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह सतबरवा पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृतक दिव्यांग होने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** आस्था का महापर्व छठ पूजा चौथे दिन सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन तप और व्रत के माध्यम से हर साधक अपने घर-परिवार और विशेष रूप से अपनी संतान की मंगलकामना करता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत देश के तमाम हिस्सों में मनाया जाने वाला छठ पर्व छठी मैया और प्रत्यक्ष देवता भगवान भास्कर की विशेष पूजा के लिए किया जाता है।

### छठ पूजा का धार्मिक महत्व

भगवान भास्कर की महिमा तमाम पुराणों में बताई गई है। भगवान सूर्य एक ऐसे देवता हैं, जिनकी साधना भगवान राम और श्रीकृष्ण के पुत्र सांब तक ने की थी। सनातन परंपरा से जुड़े धार्मिक ग्रंथों में उगते हुए सूर्य देव की पूजा को अत्यंत ही शुभ और शीघ्र ही फलदायी बताया गया है। लेकिन छठ महापर्व पर की जाने वाली सूर्यदेव की पूजा एवं अर्घ्य का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि छठ व्रत की पूजा से साधक के जीवन से जुड़े सभी कष्ट पलक झपकते दूर हो जाते हैं और उसे मनचाहा वरदान प्राप्त होता है।

## आपसी विवाद में मारपीट, पति-पत्नी हुए घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतराखुर्द गांव में सोमवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान श्याम मनोहर प्रजापति व अनीता मनोहर के रूप में हुई हैं। दोनों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। बात तू-तू, मै-मैं से बढ़कर मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद पुलिस को दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## वर्षों पुराने पीपल का पेड़ काटने को लेकर हंगामा

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** भगोडीह से लेकर शंखा तक एनएच 39 फोरलेन निर्माण कार्य करा रही भारत वाणिज्य कंपनी कर्मियों द्वारा ब्रहमोरिया मोड पर स्थित एक पुराने विशाल पीपल का पेड़ रविवार को काट दिया गया। इस पीपल के वृक्ष को स्थानीय लोग पूजते थे। कई धार्मिक अनुष्ठान भी इस पीपल वृक्ष के नीचे होता था। पीपल वृक्ष को काटने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग जमा हो गए। ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। उन लोगों ने हंगामा भी किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह विशाल पीपल का पेड़ वर्षों पुराना है। सड़क निर्माण कार्य के लिए अधिग्रहण की गई भूमि क्षेत्र से भी यह पीपल का वृक्ष बाहर था। इतना ही नहीं वन विभाग द्वारा काटे जाने वाले पेड़ों को चिन्हित किया गया था, जिसमें यह पीपल का वृक्ष शामिल नहीं था। बावजूद इसे काटकर नष्ट कर दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावना आहत हुई और ग्रामीण आक्रोशित हुए। ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग को एक हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन देकर सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी पर कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद वनकर्मियों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया। वन विभाग से शिकायत करने वालों में सुनील पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, राकेश प्रजापति गोविंद प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार पासवान, इमाम अली, रमेश चंद्र पांडेय, उदय गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, श्याम नारायण पांडेय, आदित्य प्रसाद साव, विजय साव, दिनेश सोनी, एके दुबे, राजदेव साव सहित कई लोगों का नाम शामिल है। इधर फोरलेन निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने विरोध कर रहे लोगों पर नवाबजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है. जिसमें वरीय भाजपा नेता सुनील पांडेय को मुख्य आरोपी बताया गया है। उन पर निर्माण कार्य में व्यवधान डालने का आरोप लगाया गया है।

## स्पोर्ट्स



आइसीसी ने वर्ल्ड कप 2023 की टीम ऑफ दे टूर्नामेंट का ऐलान कर दिया है। इस टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। जिन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच अपनी टीम को जिताये हैं। इस सूटी में सबसे ज्यादा छह भारतीय खिलाड़ी ही शामिल हैं।

**आइसीसी ने वर्ल्डकप टीम ऑफ द टूर्नामेंट का किया एलान, भारतीय खिलाड़ियों का बोलबाला**

# 12 खिलाड़ियों की सूची में छह भारतीय, दो ऑस्ट्रेलियाई, रोहित कप्तान



**आइसीसी वर्ल्ड कप 2023 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट'**

क्विंटन डी कॉक , रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, डेरिल मिचेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, दिलशान मदुशंका, एडम जम्पा और जेराल्ड कूट्जी।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने वर्ल्ड कप 2023 की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' का ऐलान कर दिया है। इस टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच अपनी टीम को जिताए। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा छह भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसके अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के 1-1 खिलाड़ी को जगह दी गई है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया रविवार को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर छठी बार चैंपियन बना है।

## 46 दिन के वर्ल्ड कप में 45 दिन भारत के, फाइनल भले ही हारे, बैटिंग में विराट-रोहित टॉप पर

**मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत भले ही वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया, लेकिन 46 दिन चले इस टूर्नामेंट में 45 दिन चैंपियन रहा। कुल 11 मैच खेले, इनमें से 10 मैच जीतने वाली इंडिया इकलौती टीम है। इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के विराट कोहली टॉप पर और रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर रहे। विराट ने 765 और रोहित ने 597 रन बनाए। शमी ने सबसे ज्यादा 24 विकेट लिए। ये टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक चला।

**एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन :** विराट कोहली ने फाइनल में 54 रन की पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने इस वर्ल्ड कप को 765 रन के साथ खत्म किया। वह एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दूसरे नंबर पर भारत के ही सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2003 में 673 रन बनाए थे।

**वनडे में सबसे ज्यादा शतक :** विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में सेंचुरी लगाई, जो उनके वनडे करियर की 50वीं सेंचुरी रही। विराट के नाम वनडे में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड हो गया, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। जिनके नाम 49 वनडे शतक हैं।

**सबसे तेज 50 वर्ल्ड कप विकेट :** मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा विकेट लेने के साथ ही वर्ल्ड कप में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने महज 17 पारियां लीं, जो टूर्नामेंट इतिहास में सबसे तेज है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 पारियों में 50 विकेट लिए थे। शमी इस वर्ल्ड कप में 24 विकेट के साथ टॉप पर रहे।

**विराट के सर्वाधिक 50 शतक :** विराट वनडे में 50 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन से 173 पारियां कम लगीं।

**वनडे नॉकआउट का सबसे बड़ा स्कोर :** भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 397 रन का स्कोर बनाया था। यह वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम दर्ज था। न्यूजीलैंड ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफा 393 रन का स्कोर बनाया था।

**एक वर्ल्ड कप में 597 रन बनाने वाले पहले कप्तान बने रोहित :** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में 597 रन बनाए। वह फाइनल में 47 रन बनाकर आउट हुए और इसी के साथ टूनामेंट में उनकी आक्रामक बैटिंग का सफर खत्म हुआ। वह एक वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। रोहित ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में बतौर कप्तान 578 रन बनाए थे।

**एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सिक्स :** रोहित शर्मा टूर्नामेंट में 31 सिक्स लगा चुके हैं। वह एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2015 के वर्ल्ड कप में 26 सिक्स लगाए थे।

**वर्ल्ड कप करियर में सबसे ज्यादा सिक्स :** 2023 के वर्ल्ड कप में रोहित ने 31 सिक्स लगाए। इससे पहले उन्होंने 2015 और 2019 के टूर्नामेंट में 23 छक्के लगाए थे, इस तरह उनके वर्ल्ड कप में 54 सिक्स हो गए। रोहित वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

## बंगाली समिति के अध्यक्ष साधन दा पंचतत्व में विलीन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभाष रंजन दाशगुप्ता उर्फ साधन दा का पार्थिव शरीर सोमवार को पंचतत्त्व में विलीन हो गया। साधन दा के छोटे भाई प्रमोद रंजन दाशगुप्ता ने मुखाग्नि दी। कोयल नदी के तट पर राजा हरिश्चंद्र घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। साधन दा के पार्थिव शरीर को शहर थाना के सामने बंगाली समिति के कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गयी। बंगाली समिति और बंगीय दुर्गा बाड़ी की ओर से डॉ कौशिक मल्लिक ने कहा कि साधन दा अपने समाज के लिए एक वट वृक्ष जैसा थे। उनका निधन न सिर्फ बंगाली समाज बल्कि सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। साधन दा गरीब असहाय लोगों का इलाज करवाने के लिए जाते थे। इसके अलावा वे कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के साथ जुड़ कर कार्य करते थे। उनका राजनीतिक जीवन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ जुड़ा रहा। साधन दा के निधन पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश और मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने शोक जताया है। छठ के कारण वे अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाए, पर उनके प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह व सुनील कुमार ने बंगाली समिति के कार्यालय में आकर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी बिनु सिंह, कम्यूनिस्ट नेता केडी सिंह, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, बंगाली समिति के पुलिन मित्रा, अरुण रॉय, अशोक चक्रवर्ती, बंगीय दुर्गा बाड़ी के डॉ कौशिक मल्लिक, दिवेन्दु गुप्ता, जयंत विश्वास, अमर भांजा, शिवेश मोइत्रा, प्रसेनजित दाशगुप्ता, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, उज्जवल सिन्हा, सिकंदर कुमार आदि ने भी श्रद्धांजलि दी। साधन दा के अंतिम यात्रा में ब्रजेश कुमार, सलभ कुमार, अनवर हुसैन, अविनाश देव, वीएम पांडेय, काजल घोष, पीपी गुप्ता, गौतम घोष, गौतम सेनगुप्ता, गौरांग सेनगुप्ता , उज्ज्वल सेनगुप्ता, निरुपम राहा, नवनीत सुंदरम, राजीव कुमार, प्रदीप बोराल, अमिताभ राय, सुभाष विश्वास, तपेंद्र बासु, सुमित भट्टाचार्य, अमित दत्ता आदि शामिल हुए।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर, दो की मौत



**महुदा (आजाद सिपाही)।** धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग के महुदा मोड़ स्थित हाइवे पर रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी। उनकी पहचान प्रदीप महतो (50) और सुरेश महतो (40) के रूप में हुई है। जोड़ापोखर के रहने वाले प्रदीप वहीं के टाटा कंपनी में ऑफिस क्लर्क के रूप में कार्यरत थे। पांच साल पहले वीआरएस ले लिया था। जबकि सुरेश सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय पत्रकारों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और महुदा थाना को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार को दोनों घर से बाइक पर सवार होकर बोकारो किसी निजी काम से जा रहे थे। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को तुरंत बोकारो स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, घटना के बाद पुलिस बाइक व पिकअप को थाने ले आई। लगे हाथ दोनों शवों को रविवार देर शाम पोस्टमार्टम के लिए धनबाद शहीद निर्मल महतो अस्पताल भेज दिया।

**आस्था का सैलाब :** धनबाद कोयलांचल के सभी छठ घाटों पर उमड़ा हुजूम, सुख-शांति व सौहार्द्र की कामना

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/झरिया।** अस्ताचलगामी और उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को संपन्न हुआ। व्रतियों ने देश, समाज और परिवार की कुशलता की कामना की। जिले के झरिया, डिगवाडीह, तिसरा, चासनाला, भौरा, धनबाद, मनईटांड, स्टीलगेट, गोविंदपुर, बैंकमोड, धनसार, निरसा, चिरकुंडा, एग्यारकुंड, मैथन, पंचेत, सिंदरी, बलियापुर, बाघमारा, महुदा, कतरास, तेतुलमारी, लोयाबाद, पुटकी, केंदुआटुंडी, बोर्रागढ़, पूर्वी टुंडी, राजगंज आदि क्षेत्रों में स्थित दर्जनों तालाबों में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की पूजा कर आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व भारी संख्या में श्रद्धालु इस दिन अहले सुबह ही अपने-अपने छठ घाट पर पहुंच गए। सूप और डालियों में दीप प्रज्ज्वलित कर सूर्योदय का इंतजार किया, भगवान के उदय होते ही अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हुआ। आकर्षक साजो सज्जा से सजे छठ घाटों का नजारा अलौकिक था। छठी मईया के कर्णप्रिय भक्ति गीतों से पूरा इलाका गुंजायान रहा। सैकड़ो व्रतियों ने अपने घर में ही बने जलकुंड से अर्घ्य अर्पित कर भगवान सूर्य की आराधना की। बतातें चलें कि महापर्व के चार दिवसीय महापर्व छठ नहाए खाय के साथ शुरू हुआ था। शनिवार को व्रतियों ने खरना पूजन के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। रविवार को अस्ताचलगामी और सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर अनुष्ठान संपन्न किया।

### रागिनी सिंह ने किया छठ व्रत, सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य







छठ घाट पर उमड़ा छठ व्रतियों व दर्शनार्थियों का सैलाब।



भगवान भास्कर को नमन करती छठव्रती महिलाएं।



रामडीह छठ तालाब में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते पूर्व मंत्री उमाकांत रजक।

**निगम, परिषद, पूजा-शांति समितियां व प्रशासनिक पदाधिकारी रहे सजग**

सोमवार अहले सुबह जिले के हर क्षेत्र से गीत गाती महिला श्रद्धालुओं की टोली छठ घाट की ओर प्रस्थान करने लगी। सड़कों पर युवाओं की टोली, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न छठ पूजा समिति के सदस्य दूध व फल का वितरण करते दिखे। व्रतियों की वापसी में प्रसाद मांगकर ग्रहण किया। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में नगर परिषद के कर्मी के साथ प्रशासनिक व छठ पूजा समिति पदाधिकारी व सदस्य, स्थानीय पुलिस, शांति समिति सदस्य छठ घाटों पर व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सजग दिखे।

### कतरास में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कतरास। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ का समापन हुआ। सभी छठ घाट पूरी रात रंग बिरंगी रोशनी से नहाये रहे। घाटों पर भगवान भास्कर की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए जिला प्रशासन व कई समाजिक संगठनो द्वारा घाटों पर व्यापक व्यवस्था की गई थी। क्षेत्र के कतरी नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर घाट, गुहीबांध, कतरासगढ, श्यामडीह तालाब, बेहराकुदर, मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी के समीप खोदो नदी, डूमरा राजा तालाब, हरिणा शायर बांध, माटीगढ़ा छठ घाट इत्यादि में लाईट व अन्य तरह के सजावट पूरे बाघमारा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बने रहे। पुलिस प्रशासन व छठ पूजा कमेटी सहित कई अन्य संगठनो के लोग छठ वव्रतियों के सेवा में जुटे रहे। कई घाटों पर मेडिकल टीम भी तैनात थी। कतरास की सड़कों पर नौजवानो द्वारा बनायी गयी रंगोली हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

## छठ घाट पर बेहतर व्यवस्था के लिए कुमार अमित ने सेल प्रबंधन का जताया आभार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य एवं प्रशासन) राजन कुमार से मिल कर प्रबंधन द्वारा छठ घाट पर बेहतर व्यवस्था बनाने के प्रयास का के लिए आभार जताया। बताया कि इस बार छठ महापर्व के प्रति प्रबंधन की संवेदनशीलता सराहनीय रही। इसको लेकर नागरिकों में सेल प्रबंधन के प्रति संतोष का भाव है। घाटों पर छठ व्रतियों के कपड़ा बदलने के लिए पर्याप्त चेंजींग रूम की व्यवस्था रहने से व्रतियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। बिजली, जलाशयों में पानी का स्तर और स्वच्छता भी बेहतर रही। अन्य घाटों के लिए छाई उपलब्ध कराने से अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी घाट पर सुविधा बनाने में सुविधा हुई। कुमार अमित ने शहर की स्वच्छता के लिए नई एजेंसी को बहाल करने से इस काम में आई शिथिलता को प्रबंधन से यथाशीघ्र दुरुस्त करने के साथ ही स्वास्थ्य, सड़क आदि नागरिक सुविधाओं में बढ़ोतरी की भी मांग की।

# छठ व्रतियों ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य






### राम रहीम की जोड़ी ने फिर पेश किया सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा नजारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोक अस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कनकनी, मदनाडीह बस्ती,रानी तालाब, सेंद्रा, एकड़ा, बांसजोडा, कोकप्लांट, 20 नंबर और पावर हाउस स्थित छठ घाटों पर सोमवार को छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं जन सैलाब उमड़ पड़ा। छठ व्रतियों ने उगते भगवान सूर्य की अराधना की। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए छठ पूजा समितियों की ओर से विद्युत सज्जा, साफ-सफाई, कंट्रोल रूम, भगवान भास्कर की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। वहीं, मदनाडीह बस्ती स्थित सबसे पुराने तालाब की दुर्दशा के कारण इस बार व्रतियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तालाब में प्रर्याप्त मात्रा में पानी नहीं था। व्रतियों को किचड़ युक्त पानी मे पूजा पाठ करना पड़ा। विधि व्यवस्था संधारण में थानेदार राजन राम सदलबल सक्रिय दिखे। मोड़ पर युवा संघ व पांच नंबर युवको के संगठन द्वारा विद्युत सज्जा व आर्कषक रंगोली बनाई गयी थी। कोकप्लांट नदी के बीचोबीच स्थापित भगवान सूर्य की प्रतिमा पर पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की जबर्दस्त भीड़ देखी गई।

वहीं, लोयाबाद में राम रहीम के नाम से मशहूर जोड़ी ने फिर एक बार सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा नजारा पेश किया। समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान रखने वाले राज कुमार महतो और असलम मंसूरी ने व्रतियों के बीच प्रसाद के रूप में फल का वितरण किया। पिछले नौ वर्षों से लगातार इस राम रहीम की जोड़ी के सौजन्य से छठ व्रतियों के बीच फल प्रसाद का वितरण किया जाता है। राम रहीम ने कहा कि इस महान पर्व से हमलोगों की पूरी आस्था जूड़ी है। जब तक वे लोग रहेंगे इसी तरह फलों का का वितरण करते रहेंगे। जय प्रकाश पांडे, विजेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, गुलाम जिलानी, शाहरुख खान आदि ने भी इन दोनों को इस पुनीत कार्य की सराह की। मौके पर सोहन महतो, सुनील पांडे, मनोज मुखिया, विनोद पासवान, कारु गुप्ता, मनोज वर्णवाल, रमेश्वर तुरी, मुकेश साव, राहुल पांडेय, अंकी सिंह, डब्ल्यू पासवान और मुकेश झा आदि मौजूद थे।

## ससुराल पहुंचकर विधायक डब्ल्यू सिंह ने बेरमो में दिया उदीयमान सूर्य को अर्घ्य



**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजन के लिए औरंगाबाद नवीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह पत्नी दिव्या सिंह को साथ लेकर अपने ससुराल चलकरी कॉलोनी पहुंचे और छठ पूजा किया। बतातें चलें कि विधायक डब्ल्यू सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय कपिल देव सिंह के दामाद है। विधायक ने बेरमो दामोदर नदी छठ घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। आजाद सिपाही से खास बातचीत में विधायक ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि लेकर आए। विधायक के साथ बैदकारो पूर्वी पूर्व मुखिया ललन सिंह, मीरा देवी, उप मुखिया गुड़िया रानी, पवन कुमार सिंह, देवी सिंह आदि ने भी उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता कमलेश तिवारी, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, अभिनव सिंह, अभिजीत सिंह, संगीता सिंह और श्वेता सिंह आदि मौजूद थी।

## ताला बंद तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना तीन लाख नगद सहित लाखों के जेवर उड़ाये



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हॉस्पिटल कॉलोनी में सोमवार अहल्ले सुबह ताला बंद घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने तीन घरों का ताला तोड़ कर वहां से लगभग तीन लाख नगद सहित कथित रूप से करीब 13 लाख रुपये के जेवरात पर अपना हाथ साफ कर फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि आस्था का महापर्व छठ के अंतिम दिन सभी घर में ताला लगा कर लोग छठ घाट गए थे। इसी का लाभ उठाकर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में बीसीसीएल कर्मी तिलवा देवी के घर से 8 से 9 लाख के जेवरात सहित दो लाख रुपये नगद पर चोरों ने हाथ साफ किया है। वहीं, बीसीसीएल कर्मी माया कुमारी के घर से एक लाख नगद सहित पांच लाख रुपये जेवरात और हेमंत कुमार के घर से 10 हजार रुपये के समान लेकर चोरों का दल चंपत हो गया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में लगभग 16 से 17 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। छठ घाट से वापस लौटने के बाद पीड़ित लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर पाकर बाघमारा और बरोरा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। इस घटना से भुक्तभोगियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। वहीं, बाघमारा थाना प्रभारी नितीश अश्विनी ने कहा घटना की जांच की जा रही है। वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जायेगा। इसमें संलिप्त चोर जल्द सलाखों के पीछे होंगें।

### केंदुआडीह अग्निकांड के मृतकों के आश्रित को मिला मुआवजा

# घर के मुखिया को पूर्णिमा सिंह ने सौंपा स्वीकृति आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंदुआडीह बाजार में विगत 13 नवंबर को सुभाष गुप्ता के कॉस्मेटिक स्टोर में लगी भीषण आग में जलकर उनकी मां, बहन और पुत्री की जान चली गई थी। उसके बाद परिजनों से मिलने पहुंची झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पीड़ित परिवार को सरकार की आपदा प्रबंधन की ओर से मिलने वाले मुआवजा का शीघ्र भुगतान कराने का आश्वस्त किया था। इसी आलोक में सोमवार को विधानसभा क्षेत्र में सत्तारूढ़ दल की सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज केंदुआडीह बाजार स्थित सुभाष गुप्ता के घर पहुंची और उनके पिता अशोक गुप्ता को सरकार की ओर से स्वीकृति आदेश की प्रति उन्हें सौंपी। विधायक ने बताया कि पीड़ित परिवार से जो वादा किया उसे पूरा किया। प्रत्येक मृतक चार लाख रुपये की मुआवजा राशि आपदा प्रबंधन से स्वीकृत की गई है। मृतक के आश्रितों को इस दिन कुल 12 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से संबंधित पत्र सौंप दिया गया है। दो-तीन में डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में राशि आ जाएगी। विधायक ने कहा कि मुआवजा से पीड़ित परिवार का दर्द तो कम नहीं कर सकती पर व्यवसायिक दृष्टिकोण से इन्हें कुछ सहायता मिलेगी।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व समाज में की गयी सुख शांति की कामना



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को संपन्न हुआ। इस दिन सुबह के समय भगवान भास्कर को सूर्योदय काल में अर्घ्य देने के लिए घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जैनामोड़ के खाजो नदी में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। युवा विकाश मंच की ओर से छठ घाट पर सफाई एवं साज सज्जा की गयी थी। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने सभी को छठ महापर्व संपन्न कराने को लेकर शुभकामनाएं दी एवं आने वाले वर्षों में इससे बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। अर्जुन सिंह ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा सभी के जीवन में खुशहाली लाए। इस अवसर पर युवा विकास मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, कोषाध्यक्ष गौतम सिंह, सचिव शंकर गुप्ता, रमाशंकर सिंह, राजू महतो, संजय दूबे, राजकुमार, करण सिंह, अभिषेक कुमार, अभिजीत सिंह, बादल सिंह, प्रियम, प्रणेश, कमल सिंह, मुकेश, बाली, पिंटू यादव, विशाल सिंह, सुशील सिंह, सुबोध महतो, वरुण बनर्जी, परीक्षित सिंह, कुणाल सिंह, दिवाकर दूबे और नरेश रवि आदि मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### केनरा बैंक का 118वां संस्थापक दिवस समारोह



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 118वां संस्थापक दिवस समारोह 18 नवंबर को केनरा बैंक भुवनेश्वर अंचल के अंचल प्रमुख जगदीश चंदर के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। समारोह का आयोजन अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर सहित 5 क्षेत्रीय कार्यालयों और इसके अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी कार्यालयों में दीप प्रज्ज्वलन और संस्थापक स्वर्गीय अंमेंबल सुब्बा राव पाई को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। 118वें संस्थापक दिवस के अवसर पर केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने घाटिकिया सरकारी उच्च विद्यालय में, पौधारोपण और केनरा विद्या ज्योति के तहत 5वीं से 10वीं कक्षा तक एससी/एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का कार्यक्रम आयोजित किया। केनरा बैंक के सम्मानित एचएनआइ ग्राहकों, केनरा बैंक के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, स्केच प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेता को जगदीश चंदर, महाप्रबंधक, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर द्वारा सम्मानित किया गया।

# भुवनेश्वर मेट्रो ट्रेन के लिए एमओयू

## यह समझौता ओड़िशा के परिवहन इतिहास में एक नये युग का उद्भव : नवीन पटनायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने आज भुवनेश्वर हवाई अड्डे से कटक में त्रिशुलिया तक भुवनेश्वर मेट्रो रेल परियोजना-चरण-क के निर्माण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। डीएमआरसी इस परियोजना के लिए टर्न-की सलाहकार के रूप में काम करेगी। वर्चुअल मंच पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इस परियोजना को चार साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने कहा कि यह समझौता ओड़िशा के परिवहन इतिहास में एक नये युग के उद्भव का संकेत देता है। उन्होंने आगे कहा कि अब हम राजधानी क्षेत्र में परिवहन परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरी सरकार की 5टी पहल के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो नये ओडिशा के उद्भव का भी प्रतीक होगा।

परियोजना के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मेरे मंत्रिमंडल ने छह हजार दो सौ पचपन करोड़ रुपये की लागत से भुवनेश्वर हवाई अड्डे से त्रिसुलिया स्क्वायर तक मेट्रो परियोजना के पहले चरण को मंजूरी दे दी है। यह ओड़िशा के इतिहास में किसी भी बुनियादी ढांचा परियोजना में किया गया सबसे बड़ा निवेश है। परियोजना की पूरी लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। परियोजना पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरी सरकार एक और वादा पूरा कर रही है, जो 2019 में हमारे घोषणापत्र के हिस्से के रूप में किया गया था।

उन्होंने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की विशेषज्ञता की सराहना करते हुए कहा कि डीएमआरसी देश में मेट्रो रेल के निर्माण और संचालन के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मेट्रो रेल का निर्माण विश्वस्तरीय होगा और समय पर पूरा होगा। उन्होंने इस प्रयास की शानदार सफलता की कामना की और आशा व्यक्त की कि यह देश में मेट्रो रेल के इतिहास में नए मानक स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन 5टी अध्यक्ष वीके पांडियन ने किया। इस परियोजना की घोषणा मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 1 अप्रैल को की थी।

5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने 29 अक्टूबर को नींव से पहले परियोजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए त्रिशूलिया का दौरा किया। इस अवसर पर आवास एवं शहरी विकास मंत्री उषा देवी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जो परिवहन क्षेत्र को बदल देगा। उन्होंने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री की नेतृत्वकुशलता की सराहना की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक पंडा ने कहा कि यह परियोजना कटक और भुवनेश्वर को वास्तव में एक जुड़वां शहर बना देगी। मुख्य सचिव पीके जेना ने कहा कि इस परियोजना से न केवल दोनों शहरों में यातायात सुगम होगा, बल्कि अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। इस अवसर पर शहरी विकास प्रमुख सचिव जी. माथिवतानन ने स्वागत भाषण दिया और बीएमआरसी के सीइओ सिबा प्रसाद सामंतराय ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। अन्य लोगों में विधायक अनंत नारायण जेना, सुशांत राउत, मेयर सुलोचना दास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# 55 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर प्लांट का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने भुवनेश्वर में एनटीपीसी ईआर-टू मुख्यालय गेस्ट हाउस में 55 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर प्लांट का उद्घाटन 18 नवंबर को किया गया। इस अवसर पर रमेश बाबू वी निदेशक (संचालन) एनटीपीसी और श्री पार्थ मजूमदार क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी (पूर्व क्षेत्र - टू की उपस्थिति में किया गया। गेस्ट हाउस भवन की छत और शेड पर स्थापित इस 55 किलोवाट क्षमता वाले सौर संयंत्र में 8 तारों में 101 सौर पैनल लगाये गये हैं। सौर संयंत्र से प्रति वर्ष लगभग 64,000 यूनिट बिजली उत्पन्न होने की उम्मीद है और वर्तमान में यह गेस्ट हाउस की 82% विद्युत ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा। यह भुवनेश्वर में गेस्ट हाउस के लिए नेट जीरो मिशन की दिशा में एक कदम है।

सीएमडी एनटीपीसी ने नवीकरणीय बिजली उत्पादन की दिशा में इस पहल के लिए आरइडी (इआर-टू) के नेतृत्व वाली इआर-टू मुख्यालय टीम को बधाई दी। उन्होंने टीम को उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए छत पर नयी संरचनाओं के साथ और अधिक सौर पैनलों की स्थापना का पता लगाने की सलाह दी। भुवनेश्वर के उस क्षेत्र में ओड़िशा सरकार की वितरण शाखा टीपी सेंट्रल ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीसीओडीएल) ने 15 तारीख को इस रूफ टॉप सोलर के लिए एनटीपीसी को नेट मीटरिंग की अनुमति दे दी है।

# किट में हुई छठ पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संस्कृतियों की विविधता का जश्न मनाते हुए किट स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर ने 19 नवंबर 2023 को छठ पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने जश्न मनाया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने किट डीयू के छात्रों को इस तरह के अवसर देने के लिए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपने स्वागत भाषण में डॉ सामंत ने छठ पूजा में उनकी अनुशासित भागीदारी के लिए छात्रों को भी धन्यवाद दिया। अन्य अतिथियों में हिमाचल प्रदेश से अधिवक्ता अमित बैद्य, राजस्थान से अधिवक्ता श्रीमाली और किट- डीयू के अतिरिक्त रजिस्ट्रार डॉ श्याम सुंदर बेहुरा उपस्थित थे। कैंपस 6 में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही छठ महापर्व सहित व्रत का समापन हो गया।

# नालको में आदिवासी गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल नालको नगर में महान स्वतंत्रता सेनानी बीर बिरसा मुंडा की जयंती पर नवरत्न कंपनी नालको स्मेल्टर एंड पावर कॉम्प्लेक्स ने आदिवासी गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाले उत्सव की शुरूआत अंगुल नालको नगर के रोज गार्डन में स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर पुष्पमाल्या अर्पण कर समारोह के साथ हुई। इस अवसर पर नालको (एसएंडपी) के प्रबंध निदेशक अमिय कुमार स्वाइं के साथ सत्यवादी मिश्र, ओएस सुब्रमण्यम नरेला आदि उपस्थित थे। इस मौके पर नालको एसएंडपी कॉम्प्लेक्स, नालको के तरफ से एस सी/एसटी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एक अध्ययन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष केदारनाथ देहुरी और संपादक बनबिहारी नायक के नेतृत्व में सदस्यों ने अंगुल जिले के पाललहड़ा ब्लॉक में स्थित देबहाली सेवाश्रम स्कूल का दौरा कर अध्ययन सामग्री वितरित किया। आदिवासी स्कूलों के 300 छात्रों को पढ़ने और कौशल में सुधार के लिए नोटबुक, पेन, पेंसिल और नोवोदय प्रवेश गाइड वितरित किये गये।

## अखिल भारतीय संथाली लेखक संघ का 36वां वार्षिक सम्मेलन और साहित्यिक उत्सव का उद्घाटन

# लेखक समाज के सजग प्रहरी होते हैं : द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सोमवार को बारीपदा, ओडिशा में अखिल भारतीय संथाली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन और साहित्यिक महोत्सव के उद्घाटन सत्र में गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने संथाली भाषा और साहित्य में योगदान दे रहे लेखकों और शोधकर्ताओं की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात की सराहना की और कहा कि अखिल भारतीय संथाली लेखक संघ 1988 में अपनी स्थापना से ही संथाली भाषा को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल होने के बाद सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में संथाली भाषा का उपयोग बढ़ गया है। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया, जिनके कार्यकाल के दौरान संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकांश संथाली साहित्य मौखिक परंपरा में उपलब्ध है। पंडित रघुनाथ मुर्मु ने न केवल ओल चिकी लिपि का आविष्कार किया है, बल्कि उन्होंने संथाली भाषा को 'बिदु चंदन', 'खेरवाल बीर', 'दारगे धन', 'सिदो-कान्हू-संथाल हूल' जैसे नाटकों की रचना करके और भी समृद्ध किया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कई संथाली लेखक अपने लेखन कार्य द्वारा संथाली साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि दमयंती बेसरा और काली पदा सारेन - जो खेरवाल सारेन के नाम से लोकप्रिय है - उन्हें शिक्षा और साहित्य के लिए क्रमशः 2020 और 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

### कुलियाना में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को ओड़िशा के मयूरभंज जिले के कुलियाना में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि उनके बचपन में उनके घर के पास कोई स्कूल नहीं था; इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए घर से दूर जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि उस समय पास में स्कूल न होने के कारण कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते थे, जो आज नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि आदिवासी बच्चों की देश भर में 700 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं।




















VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**